51 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 20.6°c | अधिकतम 32.9 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा
मो. 94127-10840
सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:32, सूर्यास्त : 6:59 | वर्ष : 51/ अंक : 125 | रविवार, 07 मई 2023 | ज्येष्ठ, प्रतिपदा कृष्ण पक्ष, द्वितीया | सम्वत् 2080 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

**अमृवाणी**

जब पीड़ा और कष्टकारी बोली दोनों सहन होने लगे तो समझ लेना इंसान समझदार हो गया।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

बीजेपी ऐसी पार्टी है जो डकैती डालकर सत्ता हथियाने में माहिर है : सोनिया गांधी



यह तारीफ है या बुराई?.......

# मुजफ्फरनगर पालिका की गिनती में लगेंगे 24 घंटे

## चार लाख 23 हजार वोटों के लिए 160 टेबल पर होगी मतगणना

मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)। मतदान संपन्न होने के बाद अब जहां सबकी नजर तेरह मई को होने वाली मतगणना पर टिकी है, वहीं प्रशासन इसके लिए तमाम तैयारियों में जुटा है। शहर में दो लाख 11 हजार 491 वोटों के मतदान के बाद अब 13 मई को 4 लाख 22 हजार 982 वोटों की गिनती के लिए 160 टेबिल लगाई जाएंगी। ऐसे में अंदाजा यह है कि मतगणना की यह प्रक्रिया चौबीस घंटे से भी काफी अधिक समय तक चल सकती है। ऐसे में नतीजे के लिए 14 मई तक का इंतजार करना पड़ेगा।

शहर नगर पालिका मुजफ्फरनगर के लिए वोटों की गिनती बेहद थकाऊ और उबाऊ होगी। प्रशासन का दावा है कि शहर की गिनती तेजी से कराने के लिए 160 टेबल लगाई जाएगी। प्रत्येक टेबल पर चार कर्मचारी मतगणना करेंगे। आरओ, एआरओ के साथ मतगणना कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। जिला पंचायत सभागार में मतगणना में शामिल होने वाले सभी आरओ, एआरओ और मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। एडीएम वित्त गजेंद्र ने कहा कि मतगगणना भी मतदान की तरह पूरी तरह निष्पक्ष होनी चाहिए। सभी कर्मचारी ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे। मतगणना जल्द हो और कोई किसी प्रकार का संशय न रहे इसके लिए शहर की मतगणना का कार्य एक साथ 160 टेबल पर होगा। प्रत्येक टेबिल पर चार कर्मचारी तैनात रहेंगे। नवीन मंडी स्थल के चबूतरा नंबर चार और पांच पर होने वाली मतगणना के दौरान सभी आला अफसर मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान जिला सहायक निर्वाचन अधिकारी संजीव कुमार ने बक्शे खोलने और मतों की गिनती करने की जानकारी दी। सभी उप जिलाधिकारी इस अवसर पर मौजूद रहे। जिस तरह मतगणना की तैयारी की जा रही है, उससे लगता है कि वोटों की गिनती 24 घंटे से अधिक समय तक चल सकती है। इसका कारण यह है कि चेयरमैन पद के दो लाख 11 हजार 491 वोटों की गिनती होगी। इसके साथ ही वार्ड सभासद पदों के लिए भी इतने ही वोट गिने जाएंगे। इसे मिलाकर कुल 4 लाख 22 हजार 982 वोटों की गिनती होनी है। इस बार बैलेट से वोट होने के कारण बक्सों को खोलना और उन्हें अलग-अलग करना और फिर पचास-पचास के बंडल बनाना। इसके अलावा एक-एक वोट एजेंटों को दिखाना। यह कम बड़ा और समय लेने वाला काम नहीं है। 160 टेबिल पर गिनती कराई जाती है तो एक मेज पर 2643 वोट गिनती में आएंगी। ऐसे में यह काम आसान भले लग रहा हो, लेकिन एक-एक वोट के लिए चेयरमैन और वार्डों के प्रत्याशियों के एजेंट भिडेंगे उससे लग रहा है कि इस बार प्रशासन को मतों की गिनती के लिए अतिरिक्त सतर्कता बरतनी पड़ेगी। ऐसे में प्रशासन के साथ चेयरमैन और वार्ड प्रत्याशियों और उनके एजेंटों के लिए भी खड़ी तपस्या रहेगी। खुद प्रशासन भी अनुमान लगा रहा है कि मतगणना की प्रक्रिया 24 घंटे के आसपास तक चल सकती है। लेकिन इस गिनती के दौरान शिफ्टों की अदला बदली और बक्सों की सील खोलने और बंद करने में भी काफी समय लगेगा।

## मतपेटियों पर गठबंधन समर्थकों का चौबीस घंटे पहरा

### राकेश शर्मा ने कहा- गड़बड़ी की तो देंगे मुहं तोड़ जवाब

मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)। नवीन मंडी स्थल पर यूं तो मतपेटियों की सुरक्षा के लिए भारी पुलिस और अर्धसैनिक बल जहां लगा हुआ है, वहीं समाजवादी पार्टी की गठबंधन प्रत्याशी लवली शर्मा के समर्थकों ने भी मतपेटियों की सुरक्षा के लिए वहां डेरा डाल रखा है। गठबंधन के समर्थक वहां दिन रात पहरा दे रहे हैं। इसके चलते आज खुद समाजवादी पार्टी नेता राकेश शर्मा शाम के समय नवीन मंडी स्थल पर पहुंचे और कार्यकर्ताओं का जोश बढ़ाया। राकेश शर्मा ने कहा कि सत्ता के जोर पर किसी प्रकार की गड़बड़ी करने का प्रयास किया गया तो इसका मुहंतोड़ जवाब दिया जाएगा। नवीन मंडी स्थल पर पहरे में रखी मतपेटियों में किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी या अदलाबदली ना की जा सके, इसके लिए गठबंधन समर्थकों का जत्था वहां पहरेदारी कर रहा है। बारी बारी से कार्यकर्ता यहां चौबीस घंटे पहरे पर बैठे हैं। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक तथा आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष जगदीश पाल खुद पूरी व्यवस्था की निगरानी कर रहे हैं। हर समय दो दर्जन से अधिक गठबंधन समर्थक वहां मौजूद रहते हैं। इन परिस्थितियों के बीच आज प्रत्याशी लवली शर्मा के पति सपा नेता राकेश शर्मा भी नवीनमंडी स्थल पर बैठे कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे और उनका उत्साह बढ़ाया। राकेश शर्मा ने कहा कि चुनाव में उनकी एकतरफा जीत बड़े मतों से हो रही है। ऐसे में अगर मतगणना में किसी प्रकार की गड़बड़ी करने की कोशिश की गई तो इसका गठबंधन मुंहतोड़ जवाब देगा। उन्होंने दावा किया कि हर वग और शहर के साथ सभी गांवों से उन्हें मिला भारी समर्थन सबके सामने है।

## न्याय पंचायत स्तर पर भी बनेंगे अब आधार कार्ड

मुजफ्फरनगर, 6 मई (एजेंसी)। अब स्कूली बच्चे अपना आधार कार्ड न्याय पंचायत स्तर पर भी बनवा सकेंगे। श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड हर न्याय पंचायत पर आधार कार्ड नामांकन और अपडेशन केंद्र स्थापित करेगी। इसमें 14 वर्ष तक के बच्चों के निशुल्क आधार कार्ड बनाए जाएंगे।

बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से हर न्याय पंचायत पर स्कूली बच्चों के आधार कार्ड बनाने की सुविधा के लिए शासन से मांग की थी। इसका संज्ञान लेते हुए शासन स्तर से इसकी जिम्मेदारी श्रीट्रॉन इंडिया लिमिटेड कंपनी को दी गई है। यह कंपनी न्याय पंचायत स्तर पर आधार कार्ड नामांकन व अपडेशन केंद्र स्थापित करेगी। बीएसए शुभम शुक्ला ने बताया कि पहले ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर ही आधार कार्ड की सुविधा थी। स्कूली बच्चों को यह बहुत दूर पड़ता था। जिले में ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर केवल 18 ही मशीनें थी। अब हर न्याय पंचायत कार्यालय पर आधार कार्ड नामांकन केंद्र स्थापित होगा। एक न्याय पंचायत के अंदर करीब 15 स्कूल है। इससे स्कूली बच्चों को पास में ही आधार कार्ड बनवाना आसान होगा। उन्होंने बताया कि स्कूली बच्चों के आधार कार्ड मुफ्त में बनाए जाएंगे। अन्य लोगों के लिए निर्धारित मूल्य रखा गया है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बुढ़ाना, 06 मई (बु.)।** बारात में आ रहे बाइक सवार एक युवक की ईंटों से भरे ट्रेक्टर की जोरदार टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पीछे बैठा उसका एक साथी घायल हो गया। ट्रेक्टर चालक मौके पर ही ट्रेक्टर को छोड़कर फरार होने में कामयाब हो गया। उधर बुढ़ाना पुलिस ने परिजनों को खबर करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल युवक को हस्पताल में भर्ती कराया।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के गांव सफीपुर निवासी रोहिताश्व कश्यप के घर पर उसकी पुत्री की बारात गांव सिसौली से आई हुई थी। बारात में सिसौली गांव निवासी अंकित पुत्र सुरेश कुमार और उसका दोस्त गांव मोहम्मदपुर रायसिंह निवासी सचिन भी बाइक पर गांव सफीपुर के लिए आ रहा था, जब दोनों गांव सफीपुर के कच्चे पुल से पहले आए, तो गांव सफीपुर की और से ईंटों से भरा एक ट्रेक्टर आ रहा था, तब अचानक से बाइक ईंटों से भरे ट्रेक्टर से टकराई, जिसमें बाइक सवार दूर उछलकर जा गिरे, जिससे जमीन में 23 वर्षीय अंकित का सिर जोरदार तरीके से टकरा गया। जहां अंकित ने मौके पर ही दम तोड दिया, जबकि उसका दोस्त सचिन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को जब खेतों में काम कर रहे लोगों ने अपनी आंखों से देखा, तो वे तुरंत घटनास्थल पर आए और गांव में खबर की तो मौके पर सैंकड़ों लोग आ गये। इसी बीच ट्रेक्टर चालक ट्रेक्टर को मौके पर ही छोड़कर जंगलों के रास्ते से फरार होने में कामयाब रहा। घटना की सूचना जब किसी के माध्यम से गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी पर तैनात सब इंस्पेक्टर आनंद कुमार को लगी, तो वे तुरंत फुर्ती से घटनास्थल पर जा पहुंचे। कुछ ही देर मे गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी प्रभारी सुनील कसाना भी पहुंच गये, जिन्होंने मृतक की पहचान बारात में आए अन्य लोगों के माध्यम से करते हुए घटना की सूचना परिजनों को दी और मृतक अंकित का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर घायल को हस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि पुलिस ने ट्रेक्टर ट्राली को अपने कब्जे में कर ट्रेक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी। घटनास्थल पर आए आसपास के लोगों ने बताया कि गलती बाइक सवार युवकों की थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। उधर घटना को लेकर मृतक के परिजनों में जबरदस्त कोहराम मचा हुआ है।



## फांसी पर झूलती मिली तीन बच्चों की मां, मौत



**मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मोहल्ला बसंत विहार में एक विवाहिता संदिग्ध हालातों मे फांसी पर झूलती मिली। विवाहिता का पति उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भरकर परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मौहल्ला बसंत विहार निवासी 35 वर्षीया सीमा पत्नी अमरीश आज संदिग्ध हालातों में अपने कमरे में फांसी पर झूलती मिली। विवाहिता का पति उसे फंदे से उतारकर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवाकर मामले की सूचना सिविल लाइन थाने पर दी। सूचना पर साकेत पुलिस चाकी प्रभारी प्रशांत गिरी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सीमा का मायका उत्तराखंड के हरिद्वार में है। उसका विवाह 14 वर्ष पूर्व अमरीश के साथ हुआ था। उसके तीन बच्चे हैं, जिनमें बड़ी बेटी 13 साल की है। चौकी प्रभारी ने बताया कि अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई है। तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**करंट लगने से से विवाहिता झुलसी : मुजफ्फरनगर।** छपार थाना क्षेत्र के गांव सिमरथी में एक विवाहिता विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। उसे उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रेफर कर दिया गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि छपार के गांव सिमरथी निवासी 28 वर्षीया मानसी पत्नी राजू को विद्युत करंट से गंभीर रूप से झुलस जाने पर उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे रैफर कर दिया गया।

## जिले में मिले दो कोरोना केस, दो मरीज डिस्चार्ज

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** डब्ल्यूएचओ भले ही विश्व को कोरोनामुक्त मान रहा हो, लेकिन इस बीच जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से की गई जांच में फिर से जनपद में दो कोरोना संक्रमित मरीजों की पुष्टि की है। हालांकि इस बीच दो मरीज ठीक होने के बाद डिस्चार्ज भी कर दिए गए है, लेकिन जिले में अभी भी 500 से अधिक लोगों की जांच रिपोर्ट आना शेष है। तमाम प्रयासों के बावजूद जिले में कोरोना संक्रमित मरीजों के अभी मिलने का क्रम लगातार जारी है। ऐसे हालातों के बीच जिले में शनिवार को आई कोरोना जांच रिपोर्ट में दो मरीज कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें से एक शहरी क्षेत्र और दूसरा मोरना क्षेत्र का मरीज बताया जा रहा है। उक्त दोनों मरीजों को उनके घर पर ही स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आइसोलेट किया गया। इस संबंध में सीएमओ डॉ. एमएस फौजदार ने बताया कि जनपद में शनिवार को दो मरीजों की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है, वहीं पहले से ही संक्रमित दो मरीजों की रिपोर्ट कोरोना नेगेटिव आई है। उन्होंने बताया कि यह दोनों मरीज बिल्कुल ठीक हो चुके है। अभी फिलहाल 527 लोगों की कोरोना संक्रमण की जांच रिपोर्ट आना शेष है। उन्होंने दावा किया कि जिले में कोरोना संक्रमण की जांच लगातार की जा रही है। ऐसे में लोगों को घर से बाहर निकलते कोरोना गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए।

## परिवार को बंधक बनाकर लूटपाट

मुजफ्फरनगर। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव अलियारपुर में शुक्रवार की रात बदमाशों ने हथियारों के बल पर आतंकित करते हुए परिवार को बंधक बनाया। बदमाश मौके से नगदी, कीमती सामान लूटकर भाग गए। बताया गया है कि अलियारपुर निवासी सादिन मजदूरी करता है। उसने पुलिस को बताया कि शुक्रवार को उसका बेटा सऊदी में नौकरी करने के लिए गया था। इस कारण घर पर मेहमान आए हुए थे। देर रात कुछ बदमाश मकान की दीवार फांदकर भीतर घुस आए। बदमाशों ने उसे गंन प्वाईंट पर ले लिया। मकान के अंदर कमरों में जाकर उसकी पत्नी, साली, बहन को जगा लिया। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने सभी को रस्सी से बांध दिया। बदमाश काफी देर उनके घर पर रहे और 36 हजार की नकदी, जेवर, कीमती सामान आदि लूटकर ले गए। बदमाश पुलिस कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देकर गए। काफी देर बाद किसी प्रकार सादिन बंधन मुक्त हुआ और शोर मचाया। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बदमाशों की तलाश ली, लेकिन कुछ पता नही चल सका। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। थाना प्रभारी रोजंत त्यागी मौके पर पहुंचे और घटना के बारे में जांच पड़ताल की। सीओ खतौली डॉ रविशंकर मिश्रा भी पीड़ित के घर पहुंचकर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर मामले के खुलासे की मांग की। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि नकबजनी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच कराई जा रही है। पुलिस टीम लगाई गई है।

## हरिद्वार के लिए आज से मिलेगी स्पेशल ट्रेन

**मुजफ्फरनगर। रेल मंत्रालय ने हरिद्वार जाने वाली एक और स्पेशल ट्रेन का संचालन शुरू किया हैं। इस ट्रेन को ग्रीष्म कालीन साप्ताहिक सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन का नाम दिया गया है, जो वड़ोदरा से हरिद्वार संख्या 09129 और हरिद्वार से 09130 संख्या वड़ोदरा के लिए चलेगी। रविवार को यह ट्रेन पहली बार मुजफ्फरनगर पहुंचेगी। शनिवार को शाम सात बजे यह ट्रेन वड़ोदरा से रवाना होगी और इसके बाद गोधरा, दाहोद, रतलाम, कोटा, गंगापुर सिटी, मथुरा, हजरत निजामुदीन, गाजियाबाद, मेरठ होते हुए रविवार सुबह 9:58 बजे पर मुजफ्फरनगर पहुंचेगी। मुजफ्फरनगर से आगे सहारनपुर के टपरी, हरिद्वार जनपद के रुड़की और इसके बाद डेढ़ बजे दोपहर हरिद्वार में अंतिम पड़ाव होगा। अगले दिन शाम को 7:35 बजे पर हरिद्वार से रवाना होगी। इस ट्रेन का रविवार को हरिद्वार घूमने जाने वाले लोगों को विशेष लाभ मिलेगा।**

।। श्री मयाराम गुरवे नमः।। ।। श्री महावीराय नमः।। ।। श्री मदन लाल गुरवे नमः।।
।। श्रीमत सुदर्शन गुरवे नमः।।
संघशास्ता शासन प्रभावक पूज्य गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी म. के उत्तराधिकारी सुशिष्य रत्न
संघसंचालक मनोहर व्याख्यानी श्रद्धेय गुरुदेव श्री नरेश चन्द्र जी महाराज के आज्ञानुवर्ती गुरु भ्राता
त्याग शिरोमणि राजऋषि श्रद्धेय गुरुदेव
श्री राजेन्द्र मुनि जी महाराज
वात्सल्य निधि श्री नरेन्द्र मुनि जी महाराज, सेवा भावी श्री पुनीत मुनि जी महाराज
एवं सेवाभावी श्री जयन्त मुनि जी महाराज ठाणे-4
महासाध्वी श्री मनीषा जी महाराज ठाणे-8,
महासाध्वी श्री अर्पण प्रज्ञा जी महाराज ठाणे-3 एवं
महासाध्वी श्री सुनिधि जी महाराज ठाणे-4 के पावन सानिध्य में
रविवार, 7 मई 2023
दादा-पोता (सामायिक व एकाशना) दिवस
(गुरुदेव बाबा श्री जग्गूमल जी महाराज, संघ शास्ता गुरुदेव श्री सुदर्शन लाल जी महाराज एवं संघनायक गुरुदेव शास्त्री श्री पद्म चन्द्र जी महाराज की पावन पुण्य स्मृति में)
एवं सन्त समागम महामहोत्सव
(मुजफ्फरनगर के इतिहास में प्रथम बार श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन समाज का भव्य संत समागम महामहोत्सव)
के रूप में मनाया जा रहा है।
मंगलमय प्रवचन
प्रातः 8.15 से 10.30 बजे तक
स्थानः श्री जैन स्थानक नई मण्डी, मुजफ्फरनगर
उपरोक्त कार्यक्रम में आप सपरिवार व ईष्ट मित्रों सहित सादर आमंत्रित हैं
कृपया पधार कर गुरु दर्शनों एवं प्रवचनों का लाभ लें।
- आयोजक/निवेदक -
श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन समाज, नई मण्डी, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) एवं सकल जैन समाज, मुजफ्फरनगर
मनमोहन जैन संस्थापक संरक्षक 9837067082 | राजीव जैन प्रधान 9837097911 | अनुराग जैन उप प्रधान व संयोजक 9410243622 | दीपक जैन उप प्रधान व संयोजक कार्यक्रम 9897780423 | हर्षवर्धन जैन महामंत्री 9412212675 | कार्तिकेय जैन मंत्री 9760765651 | राजेश जैन कोषाध्यक्ष 9760387028
कृपया कार्यक्रम के पश्चात् गौतम प्रसादी ग्रहण कर सेवा का अवसर प्रदान करने की कृपा करें।

24/7 इमरजेंसी सुविधा
SKB AAROGYAM
Multi Speciality Healthcare (Hospital)
डॉ. अमित वधावन
M.B.B.S., D.C.H., F.N.N.F.
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
वेंटीलेटर केयर
सी पेप
जन्म के समय न रोना
कम वजन वाले बच्चों की देखभाल
फोटोथैरेपी सुविधा
टीकाकरण
बच्चों में बुखार, दस्त, निमोनिया, एलर्जी, पीलिया आदि।
नवजात एवं बच्चों की ओ.पी.डी.
बच्चों की फीजियोथैरेपी की सुविधा
कृपया नाम लिखवाकर ही आयें।
-: OPD :-
प्रातः 11 से सायं 5 बजे तक
Doctor will be available on call.
श्रीमती (डॉ.) एस. गुप्ता
M.B.B.S., D.G.O.
Obstetrics & Gyanecology
डॉ. दीपिका नेगी
M.B.B.S., M.S.
Obstetrics & Gyanecology
हाई रिस्क प्रेगनेंसी (गर्भावस्था)
सिजेरियन व हाई रिस्क प्रसव
माहवारी की अनियमित्ता
बच्चेदानी का ऑपरेशन
बार-बार गर्भपात होना
सफेद पानी (ल्यूकोरिया) आना
बच्चेदानी का ऑपरेशन
पेशाब में बदबू व जलन
मोनोपोज की समस्या व पी.सी.ओ.डी.
छाती की गांठ की स्क्रीनिंग
लैप्रोस्कोपिक प्रोसिजर्स
सर्वाइकल कैंसर की जाँच व इलाज
दूरबीन द्वारा नसबंदी का ऑपरेशन
-: OPD :-
सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक
सायं 3 से 7 बजे तक
सोमवार से शनिवार
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत चयनित सेवाएँ एवं प्रमुख टी.पी.ए. द्वारा कैशलेस इलाज की सुविधा
निकट स्टेपिंग स्टोन्स स्कूल, जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
7300740070, 7300740072, 8791897001

## व्यवस्था बदहाल-जी का जंजाल... शहर की मुख्य सड़क को ठीक कराने के बजाये समस्या से आंखें मूंदे बैठा है सम्बंधित विभाग

# लगातार धंसती जा रही है मेरठ रोड की सड़क









फोटो बुलेटिन — मेरठ रोड मुजफ्फरनगर मुख्यालय की प्रमुख सड़क है, ये चंद तस्वीरें इस मुख्य मार्ग की बदहाली की अवस्था खुद-बा-खुद बयां कर रही हैं।

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** शहर के मेरठ रोड की धंसती सड़क हादसों को दावत दे रही है। कांवड यात्रा के दौरान आनन फानन में तैयार हुई सड़क सेना भर्ती के समय दोबारा बनी, लेकिन अब एक बार फिर कई स्थानों पर धंसी सड़क विभागीय अधिकारियों की लापरवाही की पोल खोल रही है। बड़ी बात यह है कि इस रोड पर अधिकारियों और वीआईपी का आवागमन होने के बावजूद धंसी सड़क को कोई ठीक करने को तैयार नहीं है। आये दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं।

मेरठ रोड की यह सड़क करीब सवा साल से नागरिकों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पहले सीवर लाइन बिछाने के नाम पर पूरी सड़क को खोद दिया गया। सामने कांवड यात्रा आई तो आनन फानन में सड़क तैयार कर दी गई, लेकिन कुछ समय बाद सड़क के कई हिस्से धंस गये। सेना भर्ती के समय फिर से मरम्मत कर सड़क को ठीक किया गया। लेकिन एक बार फिर मानक की अनदेखी कर बनाई गई सड़क की पोल पट्टी खुल गई। मीनाक्षी चौक से लेकर सूजडू चुंगी तक सड़क के कई हिस्से धंस गये हैं, जो हादसों का सबब बन रहे हैं। मुजफ्फरनगर बुलेटिन की टीम ने आज जनता से मिल रही शिकायतों पर मेरठ रोड की समस्या की सही तस्वीर जानने को भ्रमण किया तो वाकई ये सड़क कई स्थानों पर धंसी नजर आई, जिसके कारण कई वाहन चालक यहां पर हादसों के बाद घायल होते रहे। बुलेटिन टीम के साथ बातचीत में नागरिक इमरान राणा ने बताया कि मीनाक्षी चौक से सूजडू चुंगी तक मेरठ रोड कई स्थानों पर सड़क धंस गई है। कांवड यात्रा में व्यवस्था के लिए बहुत ही जल्दी यह सड़क मानकों के विपरीत तैयार करा दी गई। कई बार सड़क धंसने के कारण ई रिक्शा पलट गई हैं। इससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

**चंद माह में ही ऊबड़ खाबड़ हो गई मीनाक्षी चौक से सूजडू चुंगी तक बनाई गई मेरठ रोड की मुख्य सड़क**

## वर्ल्ड विजन में रक्तदान शिविर सम्पन्न



फोटो बुलेटिन — शिविर के दौरान प्रधानाचार्या व स्वास्थ्य विभाग के अफसर।

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** एम.जी. वर्ल्ड विजन स्कूल में वर्ल्ड रेडक्रास डे पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. मृणालिनी अनंत ने रक्तदान शिविर में पहुँचे सभी रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया और सभी रक्तदाताओं को प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन डॉ. चरण सिंह एसीएमओ के निर्देशन में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक किया गया। शिविर में अध्यापकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया व स्वेच्छा से रक्तदान किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने शिविर की कामयाबी से उत्साहित होते हुए कहा कि विद्यालय इस तरह के रक्तदान और अन्य स्वास्थ्य शिविरों का भविष्य में भी आयोजन करता रहेगा। उन्होंने इसमें सहयोग देने पर स्वास्थ्य विभाग का आभार जताया।

## 12 साल बाद लापता भाई के जीवित होने का सुराग मिला

**भोपा, 06 मई (बु.)।** गांव सिकंदरपुर से 12 साल पहले लापता हुए व्यक्ति का सुराग लग गया है, जो मध्य प्रदेश के खंडवा में रहता है तथा साधु बन गया है। परिजन ने थाने पर तहरीर देकर पुलिस को सूचना दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर निवासी विजेंद्र पाल ने दी तहरीर में बताया कि उसका भाई योगेंद्र सिंह वर्ष 2011 में बिना बताए घर से कहीं चला गया था, जिसकी गुमशुदगी थाने पर दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद से परिजन योगेंद्र की तलाश कर रहे हैं तथा पुलिस भी लगातार जांच में जुटी हुई थी। बीते कई दिनों से उसका भाई योगेंद्र सिंह मोबाइल कॉल करके बात करता है तथा उसने बताया कि वह श्रीराम मंदिर चनेरा हरसुद खंडवा मध्य प्रदेश में रहता है। अब वह साधु बन गया है तथा सकुशल रह रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## भागवन्ती सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालिज में हर्षोल्लास से मनाई रविंद्रनाथ टैगौर की जयंती



**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** आज भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नई मंडी में साहित्यिक ऋषि रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता रेशु सैनी द्वारा रविंद्र नाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि रविन्द्रनाथ ठाकुर विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबल पुरस्कार विजेता हैं। उन्हें गुरुदेव के नाम से भी जाना जाता है। बांग्ला साहित्य के माध्यम से भारतीय सांस्कृतिक चेतना में नयी जान फूँकने वाले युगदृष्टा वे ही थे। वे एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार सम्मानित व्यक्ति हैं।

रविन्द्रनाथ ठाकुर का जन्म 7 मई 1861 को कोलकाता के जोड़ासाँको ठाकुरबाड़ी में हुआ। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनकी आरम्भिक शिक्षा प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। उन्होंने बैरिस्टर बनने की इच्छा में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन में स्थित एक पब्लिक स्कूल में नाम लिखाया फिर लन्दन विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया, किन्तु 1880 में बिना डिग्री प्राप्त किए ही स्वदेश लौट आए। सन् 1883 में मृणालिनी देवी के साथ उनका विवाह हुआ। रविंद्रनाथ टैगोर ने 1911 में एक कविता लिखी थी, जो 5 छंदों में थी। इस कविता के पहले छंद को राष्ट्रगान के रूप में लिया गया था। 24 जनवरी 1950 को रविंद्रनाथ द्वारा लिखित इस संगीतमयी कविता को आधिकारिक तौर पर राष्ट्रगान के रूप में अपनाया गया था। 1913 ईस्वी में रविंद्रनाथ ठाकुर को उनकी काव्य रचना गीतांजलि के लिये साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला। 1995 ईस्वी में उन्हें राजा जॉर्ज पंचम ने नाइटहुड की पदवी से सम्मानित किया था। अंत में उन्होंने बताया कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

## भारत विकास परिषद् मेन से जुड़े दस नये परिवार

### 36वें दायित्वबोध कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल





**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** भारत विकास परिषद शाखा मुजफ्फरनगर मेन का दायित्वबोध समारोह मंगलम बैंकट विश्वकर्मा चौक में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्प अर्पित कर की गई। अतिथियों का स्वागत तिलक लगा और पटका पहनाकर किया गया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल का स्वागत शाखा संरक्षक व प्रांतीय सचिव सेवा हर्षवर्धन जैन ने किया।

मुख्य अतिथि अनुराग दुबलिश रीजनल सचिव का स्वागत संजय मिश्रा व्यापारी नेता, शरद चंद्रा रीजनल संयुक्त महासचिव, डॉ. आरके सिंह प्रांतीय अध्यक्ष शशिकांत मित्तल प्रांतीय वित्त सचिव, रेनू कंसल प्रांतीय महिला संयोजिका, राजकुमार अग्रवाल जिला समन्वयक, पंकज कंसल प्रांतीय दायित्व धारी, नीता दुबलीश प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी एवं बाल संस्कार तथा स्थापना दिवस, माला चंद्रा एवं अलका सिंह के सानिध्य में प्रांतीय महासचिव मुकेश शर्मा ने शाखा के अध्यक्ष मनीष गर्ग, सचिव विनीत गुप्ता, कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार गुप्ता, डॉ. रश्मि विनायक महिला संयोजिका को सत्र 2023-24 की नई कार्यकारिणी के रूप में शपथ दिलाई और शाखा को समाज सेवा के लिए कार्य करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि विनायक महिला संयोजिका और अध्यक्ष मनीष गर्ग ने किया। नए सत्र 2023-24 में जुड़े करीब 10 नवागंतुक सदस्यों को भी कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाई गई और औपचारिक रूप से सम्मिलित कर लिया गया। शाखा के अशोक सिंघल, डॉ. ओडी शर्मा, संजय मिश्रा, डॉ. दीपक गर्ग, राजकुमार गर्ग, पवन गोयल, डॉ. बृजेश आत्रे, वीरेंद्र अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा, राहुल कुशवाहा, हेमंत विश्नोई आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## पत्नी के उत्पीड़न से परेशान युवक पहुंचा डीएम के दरबार

**शामली, 6 मई (बु.)।** गांव पिंडौरा जहांगीरपुर निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी पर घर से पचास हजार रुपये की नकदी, जेवरात व दोनों बच्चों को ले जाने का आरोप लगाते हुए डीएम से कार्रवाई की मांग की है। युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी व उसके मायके वाले आए दिन उसका व उसके माता-पिता का उत्पीड़न व मारपीट करते हैं, जिस कारण उसे जानमाल का खतरा भी बना हुआ है। गांव पिंडौरा जहांगीरपुर निवासी एक युवक ने शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी करीब 15 साल पूर्व बागपत के गांव बडावद निवासी एक युवती से हुई थी। शादी के बाद उसे दो पुत्र भी पैदा हुए। युवक का आरोप है कि शादी के बाद से ही उसकी पत्नी अपने मायके वालों के कहे में आकर उसके व उसके माता पिता से अभद्रता करती है, उसने पत्नी को काफी समझाने का भी प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद भी वह उत्पीड़न करने से बाज नहीं आ रही है। उसकी पत्नी अपने मायके वालों की बातों में आकर उनके खिलाफ पुलिस में शिकायत करती है, जिस कारण उन्हें कई बार थाने भी जाना पड़ा। पत्नी उसके माता पिता को भी घर में नहीं घुसने देती। युवक का आरोप है कि अब उसकी पत्नी अपने दोनों बच्चों व घर में रखी पचास हजार की नकदी व जेवरात लेकर अपने मायके चली गयी है। पत्नी व उसके परिजन आए दिन उन्हें धमकी भी देते हैं, जिस कारण उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है। युवक ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## टैक्नो मैनेजमेंट फैस्ट में विद्यार्थियों ने तकनीक पर साबित की प्रतिभा





**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रुड़की के द्वारा श्रीराम कॉलेज में मंथन-2023 टैक्नो मैनेजमेंट फैस्ट का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग एवं कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजी. संकायों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह प्रतियोगिता राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की गई, जिसमें आईआईटी विश्वविद्यालय रुड़की, कोर विश्वविद्यालय रुड़की, पंजाब, राजस्थान व हरियाणा एवं पौड़ी गढ़वाल इत्यादि के विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। गीगाबिट, स्ट्रेटजेम एण्ड प्रयोग मॉडल प्रेजेन्टेशन प्रोग्रामों में श्रीराम कॉलेज के छात्रों का दबदबा रहा।

उद्घाटन कोर विश्वविद्यालय रुड़की के वाइस चेयरमैन, डीन एवं मंथन कोर्डिनेटर विवेक अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस प्रतियोगिता में सभी मुख्य संस्थानों से 500 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें मुख्यतः आईआईएमटी, मेरठ, बीआईटी, कोर विश्वविद्यालय, रुड़की, आईआईटी, रुड़की व केआईईटी, गाजियाबाद आदि के छात्र/छात्राएं रहे। श्रीराम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के छात्रों ने चार प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया व कुल दो प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किये, जिनमें एक रजत पदक व एक कांस्य पदक हैं। इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. अन्तिम वर्ष के छात्र सूरज, साक्षी व महिमा ने प्रोजेक्ट एग्जीबिशन में रजत पदक, द्वितीय वर्ष के छात्र मौ. आलिम, अंजली रावत, विशु मलिक, दीक्षा व रितिक मलिक ने स्ट्रेटजेम प्रतियोगिता में कांस्य पदक प्राप्त किया। इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. के द्वितीय वर्ष के छात्र वीरसन ने गीगाबिट प्रोग्रामिंग कम्पीटीशन में अंतिम राउंड तक अपना स्थान बनाये रखा। इलैक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, चतुर्थ वर्ष की टीम ने अपने प्रोजेक्ट मॉडल पर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के चेयरमैन डॉ. एससी कुलश्रेष्ठ ने सम्मानित किया। निदेशक डॉ. आलोक गुप्ता एवं डीन एकेडेमिक्स डॉ. सुचित्रा त्यागी, विभागाध्यक्ष इं. कनुप्रिया, इं. अमित कुमार गुप्ता, इं. आशीष सिंह, इं. इन्दु, इं. विजेन्द्र कुमार, इं. आशीष चौहान, मैकेनिकल इंजी. के विभागाध्यक्ष इं. पवन चौधरी, सिविल इंजी. के विभागाध्यक्ष इं. अर्जुन सिंह, इलेक्ट्रिकल इंजी. के विभागाध्यक्ष इं. रोहिताश सिंह व इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्युनिकेशन इंजी. विभाग के गगन कुमार तायल उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**चरथावल, 06 मई (बु.)।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव सैदुपर खुर्द निवासी नौमान एक किशोरी को बहका फुसलकर ले गया था। पॉक्सो सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा कायम कराया था। थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि हिंडन चौकी प्रभारी ने पीड़िता को पहले बरामद कर लिया था, मेडिकल कराने के बाद अदालत में बयान कलमबद्ध कराए थे। पीड़िता ने बयान में आरोपी पर दुष्कर्म का आरोप भी लगाया था। दरोगा ने मामले में दुष्कर्म की धारा बढ़ाई है। शनिवार को चरथावल बस स्टैंड से आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की बैठक में समस्याओं पर मंथन

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन की जिला कार्यकारिणी की बैठक कलेक्ट्रेट कैंटीन के हॉल में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के संरक्षक श्यामवीर राठी के मार्गदर्शन में बैठक की अध्यक्षता एडवोकेट सत्यकेतु व संचालन ओमकार तोमर ने किया। बैठक में आगामी चुनाव हेतु धनी डेलीगेट काउंसिल और पदाधिकारियों के चुनाव को लेकर विचार मंथन किया गया।

उक्त बैठक में जिला बार संघ के पूर्व महासचिव प्रदीप मलिक, पूर्व सचिव सुनील कुमार, श्याम सिंह एडवोकेट, अखिलेश गौतम, श्याम सिंह, छवि, प्रेमदास मौर्य, पूर्व एडीजीसी सीताराम आर्य एवं केपी सैनी एडवोकेट ने संगठन की मजबूती तथा एक दिवसीय कार्यशाला को सफल बनाने के लिए अपने विचार रखें। बैठक में इसके साथ ही न्यायिक प्रक्रिया में जूनियर अधिवक्ताओं को आ रही दैनिक समस्याओं पर विचार मंथन किया गया। बैठक में कुछ जूनियर अधिवक्ताओं ने कचहरी में दैनिक समस्याओं की ओर सीनियर अधिवक्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। ऐसे में सीनियर अधिवक्ताओं ने इन समस्याओं पर गंभीरता दिखाते हुए जल्द ही संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही जून माह के प्रथम सप्ताह में एक दिवसीय कार्यशाला का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला सम्मेलन 17 जून को करने का निर्णय लिया।

**संगठनात्मक चुनावों को लेकर किया गया विचार विमर्श, वकीलों ने एकजुटता पर दिया बल, कचहरी की समस्या उठीं**

## एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में चला स्वच्छ भारत अभियान



**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेन्ट स्टडीज में बीबीए विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा उन्नत भारत अभियान के उपलक्ष में स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य गलियों, सड़कों तथा अधोसंरचना को साफ-सुथरा रखना है।

सर्वप्रथम प्राचार्य डा. संदीप मित्तल ने अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि उन्नत भारत अभियान के अन्तर्गत हर साल 5 मई को विश्व हाथ की स्वच्छता दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल में हाथ की स्वच्छता के बारे में जागरूकता फैलाना है, साथ ही दुनिया भर में हाथ की स्वच्छता में सुधार के समर्थन में लोगों को एक साथ लाना है। स्वच्छ भारत अभियान द्वारा स्वच्छता के अभाव में खाद्य पदार्थ भी दूषित हो जाते है, जिससे बीमारियाँ बढ़ती है। गंदगी से लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और उनकी प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। गंदगी व कचरे का पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है। अतः मानव जीवन के लिए स्वच्छता अत्यन्त आवश्यक है। बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार द्वारा चलाया गया एक स्वच्छता मिशन है। स्वच्छ भारत अभियान को स्वच्छ भारत मिशन और क्लीन इंडिया कैंपेन भी कहा जाता है। इसके अन्तर्गत स्वच्छ एवं खुले में शौच मुक्त भारत की प्राप्ति करना है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की जिम्मेदारी सिर्फ सरकारी तंत्र की नहीं है, बल्कि हम सबकी है। मिलजुलकर स्वच्छता के लिए काम करेंगे। तभी हमारा देश स्वच्छ होगा। इसी क्रम में कोर्डिनेटर प्रवक्ता डा. संगीता गुप्ता ने स्वच्छ भारत अभियान को स्पष्ट करते हुए बताया कि सार्वभौमिक स्वच्छता प्राप्त करने के लिये किये जा रहे प्रयासों में तेजी लाने के लिए और स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने हेतु भारत के प्रधान मंत्री ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन का आरंभ किया था। स्वच्छता कई प्रकार की हो सकती है। डा. आलोक कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में बीबीए विभाग के दीपक गर्ग, डा. अक्षय जैन, पूर्वी संगल, डा. अनन्त गर्ग, सोनिका, विनिता चौधरी, सतीश, अमित एवं उमेश मलिक आदि शिक्षकगण व स्टॉफ ने उपस्थित रहकर सहयोग दिया।

## दलित समाज ने भगवान बुद्ध को किया नमन

**भोपा, 06 मई (बु.)।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर दलित समाज द्वारा भगवान बुद्ध के चित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा केक काटकर वितरित किया गया तथा भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा लेने पर बल दिया गया। कस्बा भोकरहेड़ी के मौहल्ला हरिजन चौक में शुक्रवार की रात एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान बुद्ध की जयंती मनाई गई। समाजसेवी कविंद्र कुमार ने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएं दयाप्रेम समानता का संदेश देती है। भगवान बुद्ध ने संसार की मोह माया को त्याग कर वटवृक्ष के नीचे बैठकर प्रभु का ध्यान लगाया तथा दीन दुखियों के दुखों का निवारण किया। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने भी भगवान बुद्ध की शिक्षाओं से प्रेरणा ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से गठबंधन प्रत्याशी मीना देवी, भीम आर्मी नेता रवि प्रकाश बौद्ध, कृष्णपाल, बिजेंदर, भंवरसिंह, आनंद, शिवकुमार, श्रीपाल, आकाश, मनोज, सत्येंद्र, उदयवीर, पिंकू, आकाश, अभिषेक, मिथलेश, आरती, उर्मिला, शोभा आदि मौजूद रहे।

## सगे भाईयों पर जमीन हड़पने का आरोप

**भोपा, 06 मई (बु.)।** थाना क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति ने सगे भाईयों पर घर व जमीन हड़पने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम दरियापुर निवासी कंवरपाल पुत्र प्रकाश ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसके दो भाई व एक भतीजा उसका घर व जमीन पर जबरदस्ती कब्जाना चाहते हैं। शनिवार को उसकी पुत्री व दामाद घर पर आए हुए थे, जिसके बाद आरोपियों ने पीड़ित की पुत्र व दामाद के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी है।

## खेत की मेढ़ काटने पर गाली-गलौच

**भोपा, 06 मई (बु.)।** गांव बेहडा थ्रू में खेत की मेढ़ काटने को लेकर किसान ने पडोसी पर गाली गलौच करने तथा विरोध करने पर फावड़े से प्रहार करने का आरोप लगाया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव बेहडा थ्रू निवासी पवन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के जंगल में उसके तथा भाई प्रवीण के खेत हैं। आरोप है कि पड़ोसी किसान आए दिन उनके खेत की मेढ़ काटकर उन्हें परेशान करता रहता है। शनिवार को भी आरोपी ने उनकी गैरमौजूदगी में उनके खेत की मेढ़ को काट दिया। सूचना पर दोनों भाई खेत में गए तथा विरोध किया तो आरोपी उनके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की नीयत से फावड़ा लेकर भागा, जिसके बाद उन्होंने अपनी जान बचाई। पीड़ित ने आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## जेठ पर लगा अश्लील हरकत का आरोप

**भोपा, 06 मई (बु.)।** गांव बेहडा थ्रू निवासी महिला ने दी तहरीर में देकर बताया कि उसका पति फेरी लगाने का काम करता है, जिसके चलते अक्सर घर से बाहर रहना पड़ता है। आरोप है कि उसका जेठ उनसे रंजिश रखता है तथा आए दिन अश्लील गाली गलौच करता है। विरोध करने पर आरोपी कई बार उसके साथ मारपीट भी कर चुका है। बीते गुरुवार की शाम में अपने घर की गैलरी से घर जा रही थी कि तभी जेठ ने उसका रास्ता रोक लिया और गाली गलौच करते हुए अश्लील कमेंट किए, जिससे वह शर्मसार हो गई। पीड़िता का कहना है कि वह आरोपी की हरकतों से तंग आ चुकी है। महिला ने पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है। प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

## किशोर को बहलाकर आभूषण गायब किए

**भोपा, 06 मई (बु.)।** थाना ककरौली क्षेत्र के ग्राम चौरावाला निवासी जयवीर पुत्र सालक ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि गांव के ही युवक ने उसके 12 वर्षीय पुत्र हिमांशु को बहला फुसलाकर व पैसों का लालच देकर उसके घर में रखे सोने-चांदी के आभूषण गायब करवा दिये। गत 3 मई को उनके परिवार में शादी थी। जब घर की महिलाओं ने आभूषणों को गायब पाया तो उनके होश उड़ गये। बच्चों से जानकारी करने पर पता चला कि हिमांशु ने आभूषणों को गांव के ही एक युवक को ले जाकर दिये हैं, जिसके बदले में उसने बालक को कुछ पैसे दिये हैं। परिवार की महिलाओं सहित थाने पहुंचे जयवीर ने पुलिस से आभूषणों की बरामदगी की मांग करते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई आरम्भ कर दी है।

## हरेन्द्र मलिक ने किया अजीत सिंह को याद

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्व. चौ. अजीत सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर पूर्व सांसद हरेंद्र मलिक एवं चरथावल विधायक पंकज मलिक ने अपने आवास पर अन्य लोगों के साथ पुष्प अर्पित किए। हरेंद्र मलिक ने कहा कि अजीत सिंह ने हमेशा किसान की लड़ाई को लड़ा और हर वर्ग को साथ लेकर चलें। विधायक पंकज मलिक ने कहा कि चौ. अजीत सिंह ने युवा वर्ग को राजनीति में आगे बढ़ाने का काम किया। कार्यक्रम में कपिल मलिक, बिजेंदर मलिक, राज किशोर शर्मा, बिजेंदर कुणाल, अंकुर मलिक, डॉ. यशपाल, गोहर सिद्दीकी आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## तारीख गवाह है

### आज का इतिहास

**110 साल पूर्व रबीन्द्रनाथ टैगोर को साहित्य का नोबेल मिला**



**नयी दिल्ली 06 मई (वार्ता)।** भारतीय एवं विश्व इतिहास में 07 मई की महत्वपूर्ण घटनाएं इस प्रकार है। 1663-प्रसिद्ध नाटककार थॉमस किलिग्रू द्वारा निर्मित रायल थियेटर की लंदन में शुरूआत। 1834-ईस्ट इंडिया कम्पनी ने कुर्ग राज्य पर कब्जा किया। 1861-प्रसिद्ध बांग्ला कवि, कहानीकार, गीतकार, संगीतकार, नाटककार और निबंधकार और चित्रकार गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर का जन्म। उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया। 1907-बम्बई में बिजली से चलने वाली ट्राम कार चलाई गई। 1912-कोलंबिया विश्वविद्यालय ने विभिन्न श्रेणियों में पुलित्जर पुरस्कार प्रदान करने की योजना को मंजूरी दी। इसकी स्थापना जोसेफ पुलित्जर ने की थी। 1928-ब्रिटेन में महिलाओं की वोट देने की आयु 30 वर्ष से घटाकर 21 वर्ष कर दी गई। 1945-जर्मनी के जनरल गुस्ताव जोड्ल ने आत्मसमर्पण के कागजों पर दस्तखत किए और इसके साथ ही यूरोप में छह साल से चल रहे युद्ध का अंत हुआ। इस संबध में लंदन, मॉस्को और वॉशिंगटन में सरकारी बयान जारी किया गया। 1946-इबुका मसारू और मोरिता ओकियो ने उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक उत्पाद बनाने वाली जापानी कंपनी सोनी कॉरपोरेशन की स्थापना की। 1952-इंटिग्रेटेड सर्किट की अवधारणा पहली बार जियोफ्रे डमर में प्रकाशित। यह सभी आधुनिक कंप्यूटरों का आधार है। 1956-ब्रिटेन के विदेश मंत्री ने धूम्रपान के विरोध में किए जा रहे, तमाम अभियानों को खारिज करते हुए कहा कि धूम्रपान के बुरे प्रभावों के तथ्य अभी सामने नहीं आए हैं। 1973-ईटानगर को पूर्वोत्तर के खूबसूरत प्रांत अरुणाचल प्रदेश की नई राजधानी बनाने का काम शुरू किया गया।

### मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 06 मई, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव इस प्रकार रहे:- चाकू 1450-1750, लड्डू 1500-1610, शक्कर मसाला 1530-1560। आमद-1500 मन।

### सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 06 मई, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना- 62,000 चांदी-76,000
सिक्का- 750 गिन्नी- 46,500

### आज का राशिफल

**रविवार, 07 मई, 2023**

**मेष-** सुख-साधन में कमी, कार्यों में अड़चनें, पारिवारिक समस्याओं से मन अशांत, प्रियजनों से विश्वासघात की आशंका, लाभार्जन का मार्ग अवरुद्ध, व्यर्थ भ्रमण।

**वृषभ-** सामाजिक कृत्यों की ओर अभिरुचि, विचारित कार्यों में अनुकूलता, समस्या का संतोषजनक हल, आमोद-प्रमोद साधन सुलभ।

**मिथुन-** आृथक स्थिति में सुधार हेतु नवयोजना पर मित्रों से विचार-विमर्श, धर्म-अध्यात्म की ओर रुझान, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता।

**कर्क-** विशिष्टजनों के सम्पर्क से कार्यों में महत्वपूर्ण सफलता, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, पुराने विवाद के समाप्त होने से खुशी।

**सिंह-** शंका-कुशंका प्रभावी, व्यापारिक प्रगति में अवरोध, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, जोखिम के कार्य से नुकसान, सुख साधन में कमी, क्रोध की अधिकता से हानि।

**कन्या-** अधूरी नवयोजना की शुरुआत हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, कुछेक समस्याएं पक्ष में सुलझने की ओर, बुद्धि चातुर्य से संकल्प सिद्धि।

**तुला-** दिनचर्या व्यवस्थित, पराक्रम से कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में अनुकूलता, परिवार में धाृमक कृत्य सम्पन्न, वाद-विवाद की निवृत्ति।

**वृश्चिक-** सामयिक सिद्धि का प्रयास सार्थक, पुराने विवाद के समापन होने से खुशी, कार्य-व्यवसाय में लाभ का सुअवसर प्राप्त।

**धनु-** आरोग्य सुख में कमी, कार्यों में गतिरोध, प्रियजनों से आपसी तकरार होने की आशंका, क्रोध की अधिकता, वाहन से भय।

**मकर-** पठन-पाठन की ओर अभिरुचि, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, यश-मान-प्रतिष्ठापरक कृत्य सम्पन्न, साहसिक प्रयास प्रगति पर।

**कुम्भ-** कार्य-व्यवसाय में प्रगति हेतु मित्रों से विचार-विमर्श, धन सम्पत्ति विषयक मसला पक्ष में सुलझने को, स्थान परिवर्तन दिशा में कार्यक्रम।

**मीन-** शुभ भावनाओं के उदय से आत्मिक शांति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल, अधिकारी वर्ग से अनुकूलता।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
उप सम्पादक - श्रीमती पूजा दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2023

सम्पादक की क़लम से

# कर्नाटक में सियासी उफान

कर्नाटक में इन दिनों सियासत उफान पर है। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी ने कल बेंगलुरु में काफी बड़ा रोड शो किया। इस रोड शो में जनता की दीवानगी चप्पे-चप्पे पर देखने को मिली। प्रधानमन्त्री कर्नाटक चुनाव प्रचार में कांग्रेस पर हमलावर हैं, तो प्रियंका राहुल सहित कई कांग्रेसी नेता उन पर हमले कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अभी नेताओं के रेट वाले विज्ञापन दिए, तो कर्नाटक भाजपा के नेता उन पर मानहानि का केस दायर करने की सोच रहे हैं। राहुल गांधी ने कर्नाटक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से दिए गए उस विज्ञापन का हवाला दिया, जिसमें भाजपा सरकार में नौकरियों और तबादलों में घूस लेने का आरोप लगाते हुए एक 'रेट कार्ड' जारी किया गया है। यह विज्ञापन कल कर्नाटक के सभी प्रमुख अखबारों में छपा था। उन्होंने ट्वीट किया,भाजपा की 40 प्रतिशत कमीशन सरकार का 'रेट कार्ड'। 'ट्रिबल इंजन' भाजपा को 40 की संख्या से बहुत लगाव है। ऐसे में कर्नाटक की जनता उसे सिर्फ 40 सीटें ही देगी।'' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'रेट कार्ड' के विज्ञापन को साझा करते हुए ट्वीट किया, ये दरें हैं जिनके आधार पर भाजपा ने कर्नाटक में शासन को बेच दिया। यह भाजपा है जिसका डबल इंजन 'डेल्ही झूठ' और 'बेंगलुरु लूट' है। बीजेपी सांसद लहर सिंह सरोया ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राहुल ने कर्नाटक में करप्शन का रेट कार्ड जारी किया है। उन्होंने हमारे रेट बताए हैं। लहर सिंह सरोया ने कहा कि उन्होंने जीवन में कभी बेईमानी की एक चाय तक नहीं पी है, अब मैं राहुल गांधी पर मानहानि का केस दर्ज कराऊंगा। उन्होंने कहा कि वह अपने वकीलों के संपर्क में हैं और इसकी तैयारी कर रहे हैं। राहुल के इस करप्शन रेट कार्ड से उन्हें दुख हुआ है, जिस तरीके से राहुल गांधी ने भ्रष्टाचार का उनपर आरोप लगाया है वह इससे बेहद ज्यादा आहत हुए हैं। उन्होंने इसे कांग्रेस का शर्मनाक रवैया बताया है। यह केवल उनकी ही नहीं, बल्कि पूरे डिपार्टमेंट और सरकार की बदनामी है। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में विवादित बयानों के बाद अब नेताओं ने व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के कर्नाटक प्रभारी और सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने दावा किया है कि भाजपा नेता, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और उनके परिवार की हत्या की साजिश रच रही है। सुरजेवाला ने कल बेंगलुरु में प्रेस कॉन्फ्रेंस की और एक ऑडियो क्लिप सुनाई। उन्होंने दावा किया कि इसमें सुनाई गई आवाज कर्नाटक की चित्तपुर सीट से भाजपा के उम्मीदवार मणिकांत राठौड़ की है। क्लिप में खड़गे और उनके परिवार को खत्म करने की बात कही जा रही है। सुरजेवाला बोले, मणिकांत राठौड़ पीएम मोदी और सीएम बोम्मई का चहेता भी है। राठौड़ ने पहले भी कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और चित्तपुर से पार्टी प्रत्याशी प्रियांक खड़गे को जान से मारने की धमकी दी थी। पिछले साल उन्हें गिरफ्तार भी किया गया था। हालांकि, बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। कर्नाटक में सीधी टक्कर भाजपा और कांग्रेस के बीच है। तीसरी ताकत जेडीएस की चिंता छोटे दलों ने बढ़ा दी है। ये दल इन तीनों दलों के चुनावी प्रचार को खासा प्रभावित कर रहे हैं। राज्य में आम आदमी पार्टी, बसपा, उत्तम प्रजाकिया पार्टी, वामपंथी दल, कर्नाटक राष्ट्र समिति, कल्याण राज्य प्रगति पक्ष जैसे छोटे दलों ने बड़ी संख्या में अपने प्रत्याशी उतारे हैं। आप पिछले चुनाव में जहां सिर्फ 28 सीट पर चुनाव लड़ी थी। इस बार 213 सीट पर लड़ रही है। बसपा का पिछले चुनाव में जेडीएस के साथ गठबंधन था, लेकिन इस बार पार्टी अकेले 137 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, भाजपा और कांग्रेस की असली चिंता कर्नाटक मूल के स्थानीय छोटे दल हैं। इसी तरह कल्याण कर्नाटक क्षेत्र बेल्लारी में भाजपा के विधायक रहे जी. जनार्दन रेड्डी की पार्टी कल्याण राज्य प्रगति पक्ष ने 49 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे हैं। प्रधानमन्त्री ने कल 26 किलोमीटर लंबा रोड शो साढ़े 4 घंटे में पूरा किया। इस दौरान पीएम ने 13 विधानसभा सीटों को कवर किया। रोड शो के दौरान सड़क के दोनों तरफ भाजपा समर्थकों ने प्रधानमंत्री पर फूल बरसाए। यह रोड शो न्यू थिप्पसंद्रा में केम्पे गौड़ा प्रतिमा से सुबह 10 बजे शुरू हुआ और दोपहर 2:30 बजे ब्रिगेड रोड के युद्ध स्मारक पर समाप्त हुआ। पार्टी ने रोड शो का नाम 'नम्मा बेंगलुरु, नम्मा हेम' यानी हमारा बेंगलुरु, हमारा गौरव रखा। प्रधानमन्त्री आज भी बेंगलुरु ही में करीब 10.6 किलोमीटर लंबा रोड शो करेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री का 36.6 किलोमीटर का रोड शो एक ही दिन में होना था, लेकिन बेंगलुरु की ट्रैफिक व्यवस्था को देखते हुए इसे दो दिन का कर दिया गया। केंद्रीय मन्त्री शोभा करंदलाजे ने बताया कि यह रोड शो बेंगलुरु साउथ और सेंट्रल लोकसभा के 28 में से 19 विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगा। पीएम नरेंद्र मोदी के कांग्रेस के भ्रष्टाचार के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि, इनके पास पता नहीं कौन सा पंजा है जो 1 रुपये में से 85 पैसे खा जाता है? कांग्रेस के इन्हीं कुकर्मों के कारण हमारा देश इतने दशकों तक पिछड़ा बना रहा। यही नहीं जिन बीमारियों को कांग्रेस ने अपने बरसों के शासन में मजबूत किया अब बीजेपी उन्हीं बीमारियों का परमानेंट इलाज कर रही है। प्रधानमन्त्री ने कांग्रेस के घोषणा पत्र पर एक बार फिर से चर्चा करते हुए उसे तुष्टिकरण की राजनीति करार दिया। पीएम ने कहा भाजपा आपके सामने कर्नाटक को नंबर-1 बनाने के लिए रोडमैप लेकर आई है। वहीं कांग्रेस ने तय किया है कि वो अपनी पुरानी आदतें नहीं छोड़ेगी। वो तुष्टीकरण, तालाबंदी और गाली ही को चुनावी मुद्दा बनाएगी। तुष्टिकरण वोट बैंक का, तालाबंदी बीजेपी की गरीब कल्याण नीतियों पर, गाली ओबीसी और लिंगायत समाज को। कांग्रेस की इस कूटनीति से पूरा कर्नाटक नाराज है। पीएम ने बादामी की जनसभा में भ्रष्टाचार को कांग्रेस की पुरानी आदत बताया और कहा कि बीजेपी इनकी इसी बीमारी का परमानेंट इलाज करने आई है। यही नहीं प्रधानमंत्री ने जनता का समर्थन मांगते हुए कहा, कर्नाटक का ये चुनाव हमारे कैंडीडेट नहीं, बल्कि बीजेपी के लिए कर्नाटक की जनता लड़ रही है।

## चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"इतिहास" "भाषा" "चन्दा" "रचना"

मैं इतिहास नहीं पढ़ पाता, घटनाएं पढ़ लेता हूँ।
धर्म ग्रंथ की भाषा मुश्किल, लीलाएं पढ़ लेता हूँ।।
सूरज, चन्दा, नदिया, झरने, बच्चे, फूल, खड़ी फसलें,
हर रचना उसकी रचना है, रचनाएं पढ़ लेता हूँ।

## धूमधाम से निकली परशुराम जी की शोभायात्रा

**मीरापुर, 06 मई (बु.)।** कस्बे में भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। नागरिकों ने अनेक स्थानों पर शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। मीरापुर में आयोजित शोभायात्रा का शुभारम्भ अखिल भारतीय वार्षेण्य ब्राम्हण सभा के जिलाध्यक्ष अक्षय शर्मा, समाजसेवी सुशील शर्मा, अरूण शर्मा ने आरती कर किया। अनेक स्थानों पर बैण्ड बाजों से सुसज्जित शोभायात्रा का जलपान कराकर व पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। शोभायात्रा पड़ाव चौक से शुरू होकर नगर के सभी मुख्यमार्गो से होकर गुजरी। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिसबल तैनात रहा। अरुण शर्मा, प्रवीण कौशिक, दीनदयाल शर्मा, आजाद, प्रदुमन शर्मा, विकास कौशिक, डॉ. प्रवीण कौशिक, नितिन शर्मा, प्रतीक देव वत्स, पं. वासुदेव शर्मा, प्रभात शर्मा, गौरव वत्स, राकेश शर्मा, सहदेव शर्मा, राजेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, राजकुमार दूबे, विकास गौतम, मूलचंद शर्मा, केडी शर्मा, गौविन्द कौशिक आदि शामिल रहे।

# बिजली दर कम करने को लेकर सीएम से गुहार

### विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बताया कि उपभोक्ताओं का 25133 करोड़ रुपये परिषद पर बकाया

**लखनऊ, 6 मई (एजेंसी)।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली दर कम करने को लेकर सीएम से गुहार लगाई है। उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि उपभोक्ताओं का करीब 25 हजार 133 करोड़ रुपए पावर कॉर्पोरेशन के पास निकल रहा है। ऐसे में पांच साल तक 7 से 10 फीसदी तक रेट कम हो सकता है। 8 मई को बिजली रेट आने वाला है, ऐसे में परिषद ने पूरे मामले में सीएम से हस्तक्षेप करने की मांग उठाई है। बिजली कंपनियां इस बार 18 से 23 फीसदी तक बिजली महंगी करने की तैयारी है। अब इस पर उपभोक्ताओं से आपत्तियां व सुझाव मांगा जाएगा उसके बाद अप्रैल से इस पर सुनवाई होगी।

उसके बाद नई दर घोषित की जाएंगी। अगर इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया तो वढ में बिजली दर 23 फीसदी तक बढ़ सकती है। कंपनियों के इस प्रस्ताव के खिलाफ उप्र राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने भी मोर्चा खोल दिया गया है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि दर कम होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि वह पिछले कई साल से यह लड़ाई लड़ रहे हैं कि उपभोक्ताओं का सर प्लस पैसा विभाग के पास पड़ा है। मौजूदा समय यह अमाउंट करीब 25 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा है। ऐसे में उस पैसे का इस्तेमाल कर लगातार 5 साल तक बिजली दरों में 7 फीसदी की कटौती की जा सकती है। कंपनियों की तरफ से 2023-24 के लिए दिए गए बिजली दरों के प्रस्ताव को विद्युत नियामक आयोग की पीठ चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्य वीके श्रीवास्तव ने स्वीकार कर लिया है। इसमें सबसे ज्यादा घरेलू के 23 फीसदी और अन्य कॉमर्शियल कनेक्शन में करीब 15 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की गई है। बिजली कंपनियों ने उद्योगों की बिजली दरों में 16 प्रतिशत तक वृद्धि प्रस्तावित की है। सभी बिजली कंपनियों की वार्षिक राजस्व आवश्यकता लगभग 92547 करोड़ रुपए है वहीं जबकि वितरण हानियां 14.9 प्रतिशत है। वर्ष 2023-24 का गैप 9140 करोड़ रुपए है। विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 61 व 62 के तहत अधिकतम 120 के अंदर नई बिजली दर को आयोग द्वारा अंतिम रूप देना होता है।



## जानसठ में मतगणना को 10 टेबिल, मीरापुर में 14 व भोकरहेड़ी 8 टेबिल लगाई जाएंगी

**जानसठ, 06 मई (बु.)।** निकाय चुनाव में जानसठ नगर पंचायत की मतगणना के लिए 5 टेबिल पर अध्यक्ष पद के लिए और 5 टेबिल पर सभासद पद के लिए मतगणना कराई जाएगी। जानसठ नगर पंचायत में 23 बूथों पर मतदान हुआ था। जानसठ नगर पंचायत की मतगणना में दोनों टेबिल पर 10 मतगणना कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा मीरापुर नगर पंचायत के चुनाव में अध्यक्ष पद की मतगणना के लिए 7 और सभासद पद की मतगणना के लिए भी 7 टेबिल लगाई जाएगी। यहां पर 31 बूथों पर मतदान हुआ था। मीरापुर नगर पंचायत की मतगणना कराने के लिए 14 कर्मचारी की तैनाती की गई है, जबकि भोकरहेड़ी नगर पंचायत की मतगणना के लिए अध्यक्ष पद के लिए 4 और सभासद पद के लिए भी 4 टेबल लगाई जाएगी।

यहां पर 16 बूथ पर मतदान हुआ था। मतगणना के लिए लेकर 8 मतगणना कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है। यह जानकारी एसडीएम अभिषेक कुमार ने दी। एसडीएम ने बताया कि नगर पंचायत जानसठ, मीरापुर व भोकरहेड़ी तीनों नगर पंचायत के चुनाव की मतगणना जानसठ के डीएवी इंटर कॉलेज में होगी।

# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** नगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को हटाये जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंच विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि जनपद में कार्यरत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वर्ष 2023-24 की नवीनीकरण की विचाराधीन है। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे प्रशासन को ज्ञापन में उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों को हटाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि जिले में संचालित समस्त कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उच्च प्राथमिक स्तर कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के हैं, जिनमें नियुक्त समस्त कर्मचारियों की नियुक्ति शासन द्वारा निर्धारित शासनादेश के अनुसार की गई है। उन्होंने कहा कि इन्हीं शासनादेशों द्वारा सम्बन्धित कर्मचारियों का नवीन चयन, पदस्थापन और संविदा नवीनीकरण किया जाता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे में इन शासनादेशों में जिन पदों पर शासन पुरुष कार्मिक को निषिद्ध किया गया स्थापन, पदस्थापन, संविदा नवीनीकरण का प्रावधान न होने के कारण संयुक्त सचिव भारत सरकार शिक्षा मंत्रालय स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग नई दिल्ली ने स्वीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय (9 से 12) छात्रावास के लिए 12 अक्टूबर 2022में निर्देश दिये है कि उक्त शासनादेशों के अनुपालन के लिए राज्य परियोजना निदेशक द्वारा 25 अप्रैल 2023 जारी किया है, जिसमें उच्च प्राईमरी स्तर कक्षा 6 से कक्षा 8 तक में नियुक्त कर्मचारी बिना किसी भेदभाव एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशों के क्रम में अति न्यूनतम मानदेय में अतिरिक्त कार्य देखते हैं।

उक्त कर्मचारी का छात्रावास से कोई संबंध नहीं है। ऐसे में जिले में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उच्च प्राथमिक स्तर (कक्षा 6-8 तक) के समस्त कर्मचारियों पर हो रहे अत्याचार से मुक्ति के लिए शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को आदेशित करने की मांग की।

इस दौरान मुख्य रूप से समस्त शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी केजीबीवी से जुड़े विकास कुमार चपरासी, सती, सुधीर, प्रसीद कुमार, अदिक कुमार, जबरा, अनुज कुमार, सुनील कुमार, रविन्द्र कुमार, आनंद कुमार आदि मौजूद रहे।

# रालोद कार्यालय पर चौ. अजीत सिंह को किया नमन

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)।** सरकुलर रोड स्थित राष्ट्रीय लोक दल के जिला कार्यालय पर रालोद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय चौधरी अजीत सिंह की दूसरी पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने हवन-पूजन करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में बुढ़ाना विधायक और विधानमंडल दल के नेता राजपाल बालियान ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की जो नीतियां स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी ने बनाई थी। उन्हीं नीतियों पर स्वर्गीय अजीत सिंह जीवनप्रयंत चले और उन्हीं नीतियों पर वर्तमान में चौधरी जयंत सिंह चल रहे हैं और आगे भी चलते रहेंगे। उन्होंने आह्वान किया कि चौधरी साहब के सपनों को जीवन में उतारने के लिए कार्यकर्ताओं को धरातल पर काम करना होगा। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश संगठन महासचिव अजीत राठी ने बताया कि आज राष्ट्रीय लोकदल के जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अजित सिंह जी की दूसरी पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई है। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय चौधरी अजित सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने किसानों के साथ मजदूरों और अल्पसंख्यकों के हित में कार्य किया और इसी के चलते किसान नेता कहलाए।



उन्होंने दावा किया कि निकाय चुनाव में गठबंधन बहुत मजबूत स्थिति में है और इस बार परिणाम गठबंधन के पक्ष में आएंगे। पार्टी कार्यालय पर संपन्न हवन में मुख्य रूप से विधायक अनिल कुमार, विधायक चंदन चौहान, राकेश शर्मा, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, पूर्व मंत्री धर्मवीर बालियान, सुधीर भारतीय, युवा जिलाध्यक्ष विदित मलिक, चेयरमैन कृष्णपाल राठी, यूपी संयोजक विकास कादियान, मेजर सिंह, जगपाल नेता, सत्य वीर वर्मा, विकास बालियान, मोंटी कादियान, रोहित मलिक, शैलेन्द्र तोमर, विशाल खोक्कर, विकास मलिक, संजीव मुन्नू, आदेश तोमर, पंकज राठी, राज पाल मास्टर, दीन मौहम्मद, विनोद मेघाखेड़ी आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अवैध रूप से पटाखे बना रहे दो युवक पकड़े

**बुढ़ाना, 06 मई (बु.)।** नगवा मोड़ धर्मकांटे के पास स्थित एक गोदाम को पुलिस टीम ने चारों ओर से घेरकर गोदाम के अंदर अवैध रूप से पटाखे बना रहे दो युवकों को गिरफ्तार कर मौके से भारी सामग्री बरामद की। मिली जानकारी के अनुसार एसपी देहात अतुल कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन, सीओ विनय गौतम के पर्यवेक्षण में बुढ़ाना कोतवाल बृजेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने दारोगा मांगेराम कर्दम, हैड कांस्टेबल सुनील कुमार, निर्वेश कुमार, कांस्टेबल राजीव अत्री, विनीत कुमार और मोहित कुमार की मदद से मुखबिर की सूचना पर बायवाला पुलिस चौकी क्षेत्र में नगवा मोड़ धर्मकांटे के पास स्थित एक गोदाम में छापा मारकर अवैध रूप से पटाखे बना रहे मंगेश कुमार पुत्र रामपाल और सौरभ उर्फ सोनू पुत्र विनोद निवासीगण नगवा को गिरफ्तार कर उनके पास से 25 कार्टून, जिसमें एक कार्टून में लगभग 100 मुट्ठे एक मुट्ठे में करीब 825 तिल्लियां, एक कट्टा कोयला का बुरादा करीब 40 किलोग्राम, 03 कट्टा वैस्टेज बारूदनुमा 100 किलोग्राम, 03 गन्धक, एक झरना रेत वाला, एक बोरा खाली नलकी पटाखे वाली, एक कांटा तोल, एक स्टेपलर छोटा 03 डिब्बी पिन और एक टेप मशीन बरामद करते हुए दोनों आरोपी जेल भेज दिये।

## उत्तराखंड में बद्रीनाथ हाईवे 12 घंटे बाद खुला, यात्रा सुचारू

**बद्रीनाथ, 6 मई (एजेंसी)।** हाईवे 12 घंटे बाद शुक्रवार को यातायात के लिए फिर खोल दिया गया। इसके बाद जगह-जगह फंसे 10 हजार से ज्यादा यात्री आगे के लिए रवाना हुए। जोशीमठ से करीब 13 किमी दूर हेलंग के पास गुरुवार शाम को चारधाम मार्ग को जोड़ने वाली बारहमासी सड़क के चौड़ीकरण का काम चल रहा था। तब कुछ मलबा गिरने से रास्ता जाम हो गया था।

# फर्जी वोट डलवाने वाला प्रत्याशी गिरफ्तार

**मीरापुर, 06 मई (बु.)।** नगर निकाय चुनाव में अपनी सास का फर्जी आधार कार्ड बनावाकर वोट डालवाने का प्रयास करने वाले प्रत्याशी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब फर्जी आधार कार्ड बनाने वाले के यहां दबिश दे रही है। बीती 4 मई को मीरापुर के प्राथमिक विद्यालय नम्बर तीन में सभासद प्रत्याशी शाहनवाज पुत्र इस्राईल अपनी सास वसीला पत्नि सीनू निवासी गांव गंगेरू थाना कांधला, जिला शामली को साथ लेकर तीन वर्ष पूर्व मृत महिला मुन्नी पत्नि मेहरबान के आधार



कार्ड में अपनी सास का फोटो लगवाकर फर्जी वोट डालवाने के लिए पहुंचा था। पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर चालान कर दिया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी शाहनवाज को टूटी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया। इंस्पेक्टर विनोद कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी प्रत्याशी ने मोहल्ला कमलियान निवासी नरेश पुत्र नंदकिशोर उर्फ नंदू से अपनी सास का फर्जी आधार कार्ड बनवाया था। पुलिस ने नरेश की तलाश शुरू कर दी है।

## द दून वैली पब्लिक स्कूल में कैरम प्रतियोगिता का कार्यक्रम हुआ संपन्न

**मुजफ्फरनगर, 06 मई (बुस.)।** द दून वैली पब्लिक स्कूल में जूनियर विंग इंटर हाउस कैरम प्रतियोगिता का आज समापन किया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के एक्वा, ऐरिस, दिवम, इग्निस व टेरा हाउस के छात्रों ने प्रतिभाग किया और कैरम प्रतियोगिता में अपना उच्च प्रदर्शन दिखाया।



इस प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में काफी उत्साह दिखाई दिया और पूरे जोश के साथ छात्रों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में अवलीन कोर ने प्रथम स्थान रहीं। वहीं नित्या ने द्वितीय स्थान व आरना मलिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्य कोच नितिन कुमार व चिंकी यादव भी समय पर उपस्थित रहीं। प्रधानाचार्या सीमा शर्मा व ब्रांच हेड जसवीर कोर ने विजयी छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

आवश्यकता है
VASHISHTA HOSPITAL
वशिष्ठ हॉस्पिटल को काउंटर के लिए एक महिला की आवश्यकता है
वशिष्ठ हॉस्पिटल
जानसठ रोड, मुजफ्फरनगर
सम्पर्क करें : 9412110567

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SALMA से बदलकर SALMA BEGUM कर लिया है। भविष्य में मुझे SALMA BEGUM के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
सलमा बेगम
पत्नी अली परवेज जैदी
निवासी म0नं0 158, अंसारी रोड, आर्यपुरी, थाना-कोतवाली नगर, तहसील-सदर, जिला-मुजफ्फरनगर

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट जिसका नम्बर R-621951 है, जिसमें मेरे पिता का नाम MOHAMMAD QAMRUZZAMA व मेरी माता का नाम FIROJA PRAVEEN दर्ज है, जोकि गलत है। मेरे पिता का सही नाम MOHAMMAD QAMRUZZAMAN व मेरी माता का सही नाम FIROZA PERVEEN है। अतः भविष्य में मेरे पिता व माता को समस्त उद्श्यों के लिए इसी नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जाये।
खुर्शीद कमर
पुत्र मौहम्मद कमरूज्जमां
निवासी -म.नं. 999/2, मेरठ रोड, मिलन सिनेमा के पास, तहसील व जिला- मुजफ्फरनगर

"युवा दिखने और महसूस करने के पाँच सरल उपाय"
Actually Repair Your DNA
The Anti-Aging Solution
Justdial
• एक बेहतर शरीर प्राप्त करें।
• उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को उल्टा करें।
• जवान दिखने वाली त्वचा का आनन्द लें।
• रोग एवं दवाओं से मुक्ति।
DT. BHARAT ARORA (GENOMICS WELLNESS)
149-CH. CHARAN SINGH MKT. 1ST FLOOR,
OPP: AGARWAL MARKET, NEAR MAHAVEER CHOWK,
MUZAFFARNAGAR (U.P.) 251001. MOB NO -9818412030

# स्काईलैंड स्कूल में मेधावियों का हुआ सम्मान

**शाहपुर, 06 मई (बु.)।** कस्बे की शिक्षण संस्था स्काईलैंड स्कूल में आईआईटी जेईई मेंस 2023 में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। छात्रों ने सम्बोधन में अपने जूनियर छात्रों को सफलता के अनुभव साझा किए। शाहपुर के दि स्काईलैंड स्कूल के कक्षा 12 के छह छात्र-छात्राओं ने एक साथ जेईई मेंस 2023 की परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। सफल छात्र-छात्राओं में कीर्ति सिंघल ने 96.67, गुण जैन ने 96.4, मानवी त्यागी ने 93, अभिनव 92.9, वर्णिका ने 90.4 व वासु तोमर ने 89.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उक्त छात्र-छात्राएं जेईई एडवांस की तैयारी कर रहे हैं। दि स्काई लैंड स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सफल छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया, जहां छात्र-छात्राओं ने अपनी सफलता के अनुभव पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों दिनचर्या सहित अन्य जानकारी अपने जूनियर छात्रों के साथ साझा की।



कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक राहुल गोयल व मनोज गोयल ने सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया है। प्रधानाचार्य निशा गोयल ने बताया कि इससे पहले भी विद्यालय के छात्र अनुज बालियान का 2021 में आईआईटी रुड़की में चयन हुआ था। उक्त छात्र इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में अध्ययनरत है। उन्होंने सफल सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि जनपद व क्षेत्र स्तर पर आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी विद्यालय के छात्र अपना परचम लहराते रहते है। इस दौरान सचिन चौधरी, अमित गोयल , राजकमल सैनी , वंदना मिश्रा, रविंद्र कुमार व विकास भार्गव आदि मौजूद रहे।

## चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**बुढ़ाना, 06 मई (बु.)।** राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बुढ़ाना के परिसर में शनिवार के दिन स्वर्गीय इंजीनियर चौधरी अजित सिंह की पुण्य तिथि कालेज स्टाफ और छात्र-छात्राओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके मनाई गई। सभी ने यहां उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनको याद किया। इस दौरान यहां पर कालेज की वाइस प्रिंसिपल अनुपमा चौधरी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चौधरी अजित सिंह चौधरी चरण सिंह के घर में पैदा हुए थे। वे अपने पिता चौधरी चरण सिंह के राजनीति में रहने के काफी वर्षों बाद राजनीति में आए थे। वे राजनीति में उतरने से पहले ही अपने पिता चौधरी चरण सिंह की विरासत संभालने से पूर्व ही 60 और 70 के दशक में देश के बेहतरीन इंजीनियरों में शुमार रहे। छोटे चौधरी अजीत सिंह दुनिया की प्रतिष्ठित एक कंपनी में काम करने वाले शुरूआती भारतीयों में से एक थे। अमेरिका देश से आकर राजनीति में उतरने वाले चौधरी अजित सिंह की आज पुण्यतिथि पूरा देश मना रहा है। चौधरी अजित सिंह 2 साल पूर्व सन 2021 में बीते 6 मई को दुनिया छोड़ गए थे। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों प्रिंसिपल संजीव पंवार, कुणाल पंवार, सुभाष चन्द्र, सुखबीर सिंह, रश्मि, ज्योति, रिजवान, अनंत, साक्षी और श्रुति आदि मौजूद रहे।

# 15 करोड़ की लागत से होगा शामली रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण

**शामली, 6 मई (बु.)।** करीब 15 करोड़ की लागत से होने वाले शामली रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण को लेकर शनिवार को रेलवे के डीआरएम डिम्पी गर्ग व अन्य अधिकारियों की टीम ने शामली पहुंचकर स्टेशन के नवीनीकरण का जायजा लिया। इस दौरान टीम ने शामली रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण हेतु बनाए गए नक्शे को भी देखा तथा जल्द से जल्द स्टीमेट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। डीआरएम ने रेलवे अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा अस्पताल की जगह कम कर बड़ी पार्किंग बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने रेलवे की जमीन पर किए गए अतिक्रमण को भी सख्ती से हटाने की हिदायत दी। जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा देश के सभी रेलवे स्टेशनों का 15 करोड़ की लागत से नवीनीकरण कराया जा रहा है, जिसमें शामली रेलवे स्टेशन का नवीनीकरण भी शामिल है। इसी को लेकर शनिवार को रेलवे के डीआरएम डिम्पी गर्ग, सीनियर डीओएम दिवाकर झा, डीसीएम वसवंत कुमार व डीईएन अविनाश कुमार समेत दर्जनों अधिकारी स्पेशल कोच में सवार होकर सहारनपुर से शामली रेलवे स्टेशन पर पहुंचे। डीआरएम ने शामली रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण के लिए बनाए गए नक्शे का भी देखा तथा उसके अनुसार नवीनीकरण के निर्देश दिए। डीआरएम ने जीआरपी द्वारा स्टेशन परिसर में बनवाए गए हेल्प डेस्क भी हटवाने के निर्देश दिए, साथ ही रेलवे स्टेशन पर निर्माण कार्य के दौरान बिजली, पानी, साफ सफाई की व्यवस्था भी ठीक रखने के निर्देश दिए। डीआरएम ने रेलवे अस्पताल का भी निरीक्षण किया तथा वहां चिकित्सकों से मरीजों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल की जगह थोड़ी कम कर वहां बड़ी पार्किंग, पार्क, लोगों के बैठने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने रुई मिल की तरफ रेलवे की भूमि पर किए गए अतिक्रमण को भी जल्द से जल्द हटवाए जाने की कड़ी हिदायत दी। डीआरएम ने निर्माण कार्य में लगी इंजीनियरों की टीम तथा स्टेशन अधीक्षक इकराम अली से भी वार्ता की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने तिरछी नजर आ रही एक रेलवे लाइन को भी सीधा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेशन अधीक्षक को जल्द से जल्द स्टेशन के नवीनीकरण का स्टीमेट बनाकर भेजने के निर्देश दिए। इस मौके पर रेलवे के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।




आखिरी मौका आखिरी मौका आखिरी मौका
फेल विद्यार्थी/कम मेरिट के विद्यार्थी निराश न हों
किसी भी बोर्ड (U.P. Board, NIOS, CBSE Board) के अनुत्तीर्ण विद्यार्थी
NIOS (भारत सरकार) का तुरन्त फॉर्म भरें, परीक्षा सितम्बर/अक्टूबर में होगी।
दो विषयों में छूट लेकर केवल तीन विषयों की ही परीक्षा दें।
किसी भी बोर्ड से कक्षा XII उत्तीर्ण विद्यार्थी कम मेरिट होने पर भी
वर्ष बचायें सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ वर्ष बचायें
के अधिकृत अध्ययन केन्द्र में प्रवेश लें।
COURSE OFFERED
B.A. B.Sc. B.Com. M.A.
M.Sc. M.Com. B.B.A. B.C.A.
M.B.A. M.C.A. B.Lib. M.Lib. PGDCA
अधिकृत अध्ययन केन्द्र
अग्रोहा कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन
शान्तिनगर, भोपा रोड एवं ठाकुरद्वारा मुजफ्फरनगर
विशेष : नर्सरी, प्ले से कक्षा 12 तक यू.पी. बोर्ड हिन्दी व इंग्लिश मीडियम में प्रवेश प्रारम्भ हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अध्ययन हेतु सम्पर्क करें
NIOS, NTT एवं प्राइवेट फॉर्म भरने के लिए सम्पर्क करें
Phone No. : 0131-2615405, 2433717, M. 9837640120, 9837108280

नीलामी-सूचना
श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर की 32 बीघा कृषि भूमि को 2 वर्ष के लिए कृषि उपयोग हेतु ठेके पर देने हेतु दिनांक 16/05/2023, दिन-मंगलवार को प्रातः 11:00 बजे विद्यालय प्रांगण में नीलामी का आयोजन किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति को रुपये 10,000 नीलामी से पूर्व धरोहर राशि के रूप में विद्यालय में जमा करने होंगे, जो नीलामी में असफल रहने पर वापस दिए जाएंगे।
प्रधानाध्यापक
श्री डॉ. नीलेश वशिष्ठ
विभागीय पर्यवेक्षक
श्री विनय यादव

## मेरठ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएन शर्मा निलंबित

**मेरठ, 6 मई (एजेंसी)।** मेरठ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएन शर्मा को शुक्रवार को वित्तीय अनियमितता और पद का दुरुपयोग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। वह अभी परिवेक्षा (प्रोबेशन) पर थे। प्रबंध समिति ने यह फैसला लेते हुए डॉ. अंजलि मित्तल को नए प्राचार्य का कार्यभार सौंपा है। शर्मा पर लगे आरोपों की जांच प्रबंध समिति के सचिव डॉ. ओपी अग्रवाल को सौंपी गई है। मेरठ कॉलेज में वरिष्ठ लैब सहायक रहे आदेश कुमार ने बताया कि वह 31 दिसंबर 2021 को स्वैच्छिक सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्ति के बाद प्राचार्य ने ईपीएफ आदि के दस्तावेज क्षेत्रीय उच्च शिक्षाधिकारी कार्यालय नहीं भेजे। आरोप है कि काफी इंतजार के बाद जब वह प्राचार्य से मिले तो उन्होंने अवैध तरीके से डेढ़ लाख रुपये की मांग की। इस पर उन्होंने इस प्रकरण की शिकायत मुख्यमंत्री कार्यलय में की। मुख्यमंत्री कार्यालय से हुई पूछताछ में प्राचार्य ने अपना बचाव करते हुए जवाब दिया कि शिकायतकर्ता के खिलाफ गोपनीय जांच चल रही है इसलिए उसने फर्जी आरोप लगाया है। प्राचार्य के जवाब पर आदेश कुमार ने लिखा अगर उनके खिलाफ गोपनीय जांच चल रही हैं, तो उन्हें एनओसी (नो ड्यूज सर्टीफिकेट) कैसे जारी कर दी गई। क्योंकि जिसके खिलाफ जांच चलती है, उसे एनओसी जारी नहीं होती है। इसके बाद आदेश कुमार ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की।

## केजरीवाल के बंगले में 28 लाख के तकिए

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसी)।** 200 करोड़ रुपये की मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल में बंद आरोपी सुकेश चंद्रशेखर अक्सर दो मुद्दों को लेकर काफी चर्चा में बना रहता है। एक बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीस और दूसरा दिल्ली सरकार के खिलाफ उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखकर। एक बार फिर सुकेश ने राज्यपाल वीके सक्सेना को पत्र लिखकर कहा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के बंगले में हो रहे पुनर्निर्माण यहां तक कि उनके बंगले में आए फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक पर जो खर्च हुआ है वो सारा पैसा मैंने दिया है। सुकेश ने खत में यह भी दावा किया है कि केजरीवाल के बंगले में जो फर्नीचर लगे हैं वह सत्येंद्र जैन और केजरीवाल ने खुद चुने थे। उनके फोटो मैंने उन्हें व्हाट्सएप और फेस टाइम चैट के जरिए सीएम और जैन के मोबाइल पर भेजा था। सुकेश ने पत्र में बकायदा उन सभी सामानों का ब्यौरा दिया है जो उसके मुताबिक उसने केजरीवाल के लिए खरीदा था। इसमें 45 लाख रुपये का ऑलिव ग्रीन रंग का 12 सीटर डाइनिंग टेबल है। उसका कहना है कि केजरीवाल और उनके बच्चों के बेड रूम के लिए 34 लाख रुपये की ड्रेसिंग टेबल, 18 लाख रुपये के सात आइने, 28 लाख के 30 पीस रग्स, बेडस्प्रेड्स और तकिए और 45 लाख की पामराई की तीन दीवार घड़ियां भी इसमें शामिल हैं। सुकेश ने पत्र में दावा किया है कि इन सभी सामनों के बिल का भुगतान मैंने किया है। सारे फर्नीचर सीधे केजरीवाल के दफ्तर भेजे गए थे, जहां से मेरे स्टाफ रिषभ शेट्टी ने उन्हें उनके आवास पर लगाया था। ये सब इटली और फ्रांस से आयात हुए थे। सभी भुगतान मेरे फर्म न्यू एक्सप्रेस पोस्ट एंड एलएस फिशरीज द्वारा किए गए थे। इस बात का सबूत में जांच एजेंसी को भी उपलब्ध करा सकता हूं, मेरे पास केजरीवाल और सिसोदिया संग हुए व्हाट्सएप चैट मौजूद हैं। सुकेश सच बोल रहा है!: केजरीवाल के बंगले में लगे फर्नीचर से लेकर क्रॉकरी तक मैंने खरीदा, 28 लाख के तो तकिए।

## दिल्ली में क्रिकेटर नीतीश राणा की पत्नी से छेड़छाड़

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान नीतीश राणा की पत्नी के साथ दिल्ली में छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। राणा की पत्नी दक्षिण दिल्ली में थीं, जब दो आरोपियों ने उनका पीछा किया और उन्हें घूरते रहे। इसके बाद दिल्ली के कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई गई। । इस मामले में दो लोग आरोपी हैं और दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है। कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन के एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बताया कि नीतीश राणा की पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। कीर्ति नगर पुलिस स्टेशन में ईमेल के जरिए शिकायत दर्ज कराई गई। शिकायत में कहा गया चार मई को रात साढ़े आठ बजे पीड़िता अपने ड्राइवर के साथ कार में घर जा रही थी। छतरपुर से मॉडल टाउन जाने के दौरान चौराहे में सिग्नल के हरे होने का इंतजार करते समय दो बाइक सवार तेजी से आए। कीर्ति नगर के इस चौराहे पर बाइक पीड़िता की कार से सामने रोकी और महिला की तरफ घूरते हुए कार में हाथ से टक्कर मारी। इस मामले में छह तारीख को एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने कीर्ति नगर के उस चौराहे की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो आरोपियों की पहचान चैतन्य शिवम और विवेक के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 18 वर्ष है। एक आरोप पांडव नगर और दूसरा पटेल नगर में रहता है। सोशल मीडिया पर दोनों आरोपियों की कई तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं।

## पीएम मोदी ने निकाला 25 किमी लंबा रोड शो

**बादामी (कर्नाटक), 6 मई (एजेंसी)।** शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कर्नाटक के अलग-अलग इलाकों में रोड शो और रैली की। पीएम मोदी ने बेंगलुरु में एक रोड शो किया। 25 किमी वाले इस रोड शो के दौरान लोगों की जबरदस्त भीड़ उमड़ी। पीएम मोदी ने कहा कि बेंगलुरु में रोड शो के दौरान उन्हें जो अपार जनसमर्थन मिला है, उसने उन्हें विश्वास दिलाया है कि कर्नाटक में 2023 का विधानसभा चुनाव भाजपा की ओर से लोग लड़ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बेंगलुरु में उन्होंने जो प्रेम और जुड़ाव देखा, वह अतुलनीय है, ऐसा पहले कभी नहीं देखा। पीएम मोदी ने बागलकोट जिले के बादामी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, आज सुबह मैं बेंगलुरु में जनता जनार्दन के दर्शन के लिए गया। लोगों ने मुझे काफी प्रेम और स्नेह दिया। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए 10 मई को वोट डाले जाएंगे, जबकि मतगणना 13 मई को होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि बेंगलुरु में 25 किलोमीटर लंबे रोड शो के दौरान उनका काफिला जिस रास्ते से गुजरा, उसके दोनों ओर और हर नुक्कड़ पर लोग खड़े थे। सड़क के दोनों ओर लोग अपने परिवारों के साथ खड़े थे। दिव्यांग जन और अपने नवजात शिशुओं के साथ महिलाएं भी खड़ी थीं।

## कल शादी और आज दोनों हुए एक साथ दुनिया से विदा

**नालंदा, 6 मई (एजेंसी)।** नालंदा के गिरियक थाना अंतर्गत पुरैनी गांव के समीप शनिवार को अवैध बालू लोड ट्रैक्टर से कुचलकर कार सवार दूल्हा-दुल्हन की मौत हो गई। जबकि, दूल्हा का बहनोई घटना में गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक, ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। मरने वालों में दुल्हन गिरियक के सतौआ गांव निवासी कारू चौधरी की 20 वर्षीया पुत्री पुष्पा कुमारी और उसका पति नवादा जिला के रोह थाना क्षेत्र के महराना गांव निवासी तुला चौधरी का 27 वर्षीय पुत्र श्याम कुमार शामिल है। मृतक के जख्मी बहनोई विम्स में इलाजरत हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार को नवादा जिला से बारात आई थी। शादी के शनिवार की शाम कार में सवार हो दूल्हा के साथ दुल्हन ससुराल जा रही थी। उसी दौरान पुरैनी गांव के समीप अवैध बालू लोड ट्रैक्टर कार में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मौके पर ही दूल्हा-दुल्हन की मौत हो गई। जबकि, दूल्हा के बहनोई गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद चालक ट्रैक्टर समेत फरार हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि सतौआ में हर दिन बड़े पैमाने पर अवैध बालू खनन होता है। लोगों ने पुलिस पर भी बालू धंधेबाजों से मिलीभगत का आरोप लगाया।

## पीलीभीत में भाजपा ने 13 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला

**पीलीभीत, 6 मई (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी ने बागी नेताओं को अब पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। पीलीभीत के भाजपा जिलाध्यक्ष ने शनिवार को इसकी सूची जारी कर दी। जिले में तीन निवर्तमान चेयरमैन व एक मंडल उपाध्यक्ष समेत 13 बागी नेताओं को छह साल के लिए भाजपा से निष्कासित किया गया है। पीलीभीत नगर पालिका की निवर्तमान चेयरमैन विमला जायसवाल व उनके पति प्रभात जायसवाल का नाम निष्कासित सूची में पहले कॉलम में है। इनके साथ ही अवनेश कौशिक उनकी पत्नी प्रियंका कौशिक भी शामिल हैं। विमला व प्रियंका दोनों ही निर्दलीय उम्मीदार के तौर पर चुनाव लड़ रही हैं। पूरनपुर के निवर्तमान चेयरमैन प्रदीप कुमार लल्लन को निर्दलीय चुनाव लड़ने पर भाजपा ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। वहीं बीसलपुर से मीतू जायसवाल और उनके पति सचिन जायसवाल एवं नगर मंत्री प्रमोद गुप्ता को भी निष्कासित किया गया है। गुलड़िया भिंडारा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे अजय गोयल जो कि जिला कार्यकारिणी सदस्य हैं एवं चरनजीत सिंह को भी निष्कासित किया गया है। दोनों भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। जहानाबाद से निवर्तमान चेयरमैन ममता गुप्ता को भी टिकट न मिलने पर निर्दलीय चुनाव लड़ने पर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बरखेड़ा से ममता भोजवाल पत्नी श्याम बिहारी भोजवाल को निष्कासित किया गया है। कलीनगर से गीता देवी पत्नी प्रेम प्रकाश पासवान भी निष्कासित हुए हैं। नौगवा पकड़िया से मंडल उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना को पत्नी सोनी को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ाने पर पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। बिलसंडा से पूर्व में नामित सभासद डीके गुप्ता और जिला कार्यकारिणी सदस्य रामेन्द्र गोस्वामी को छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

## यू-ट्यूबर ने 294 KM की स्पीड से दौड़ाई थी बाइक

**अलीगढ़, 6 मई (एजेंसी)।** उत्तराखंड के प्रख्यात यू-ट्यूबर और बाइक राइडर अगस्त्य चौहान की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। परिवार के आरोपों पर जांच में जुटी पुलिस को नया सबूत हाथ लगा है। परिवार के आरोपों के बाद शुक्रवार को पुलिस ने दुर्घटनास्थल के पास कई घंटे तक खाक छानी। इस दौरान पुलिस को हेलमेट में लगा 360 डिग्री का कैमरा मिला है, जो हादसे के बाद से गायब था। उस कैमरे की वीडियो ने हादसे का सच उजागर कर दिया है। कैमरे में कैद पांच मिनट के वीडियो से कतई नहीं लग रहा कि बाइक राइडर की हत्या हुई होगी। यूट्यबूर की बाइक की अधिकतम स्पीड 294 तक कैद पाई गई है। फिर भी पुलिस अभी परिवार का इंतजार कर रही है। उनकी संतुष्टि के बाद कदम उठाएगी। आपको बता दें कि यमुना एक्सप्रेस वे के माइलस्टोन नंबर-47 पर बुधवार सुबह की यू-ट्यूबर और बाइक राइडर अगस्त्य चौहान की हादसे में मौत हो गई थी। मूल रूप से देहरादून का बाइक राइडर अगस्त्य चौहान (22) प्रो-राइडर 1000 नाम से यू-ट्यूब चैनल चलाता था। जिसके कई लाख फॉलोअर्स भी हैं। साथ में वह पंजा कुश्ती की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का भी चैंपियन बना था। बुधवार सुबह बाइक चलाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई थी। उसका शव लेने आए पिता जितेंद्र चौहान व अन्य परिजनों ने उसकी मौत को हत्या करार दिया।

## ग्राम पंचायतों पर बिजली बकाया 1479 करोड़ पार, समस्या का स्थायी समाधान निकालेगी कैबिनेट

**लखनऊ, 6 मई (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायतों के बिजली बिल का बकाया पावर कॉर्पोरेशन के लिए नई चुनौती बन गया है। 1479.54 करोड़ रुपये बकाये का जल्द भुगतान न हुआ तो केंद्र से कॉर्पोरेशन को मिलने वाली सहायता रुक सकती है। इस प्रकरण को जल्द ही कैबिनेट के समक्ष रखकर समाधान की तैयारी है। ग्रामीण क्षेत्रों के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायत भवनों, सामुदायिक केंद्रों, सामुदायिक शौचालयों, ग्रामीण स्ट्रीट लाइट व पेयजल कनेक्शन के बिजली बिल का भुगतान ग्राम पंचायतों के स्तर से होना है। तमाम प्रयास के बावजूद ग्राम पंचायतों से बकाया भुगतान न के बराबर है। बढ़ते-बढ़ते बकाया 1479.54 करोड़ पहुंच गया है। बिजली कनेक्शन के सत्यापन का भी काम चल रहा है। सत्यापन के बाद बकाया राशि और बढ़ने की संभावना है।

## भाजपा प्रत्याशी के बैनर और होर्डिंग फाड़ने पर मारपीट

**बागपत, 6 मई (एजेंसी)।** अमीनगर सराय नगर पंचायत से अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी के बैनर और होर्डिंग फाड़ने को लेकर मारपीट हो गयी। जिसमे तहरीर मिलने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। अमीनगर सराय कस्बे के रहने वाले लक्ष्मण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी मांगेराम यादव के बैनर और होर्डिंग लगे हुए है। आरोप लगाया कि तीन मई की रात करीब दस बजे विपिन उर्फ टिल्लू, सुमित शर्मा, तुषार, अनिल दो ई-रिक्शाओं में बैठकर कस्बे के बाजार में आये और भाजपा प्रत्याशी मांगेराम यादव के होर्डिंग, बैनर, झण्डे फाडकर निर्दलीय प्रत्याशी सुनीता मलिक के झण्डे, स्टीकर लगाने लगे। लक्ष्मण सिंह ने बताया कि उसने और उसका साथी रौनक शर्मा वहां से गुजर रहे थे, दोनों ने लोगों को बैनर फाड़ने से मना किया तो उनके साथ गाली गलोच कर मारपीट की गयी। शोर मचाने पर आसपास से गुजर रहे लोग वहां आ गए। जिससे मारपीट करने वाले जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

## 'गाली देने का मन करता है तुमको': सिपाहियों पर भड़कीं जेलर कोमल

**मैनपुरी, 6 मई (एजेंसी)।** मैनपुरी में सोशल मीडिया पर जेल अधीक्षिका का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें अधीक्षिका सिपाहियों को लेकर अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करती नजर आ रहीं हैं। अधिकारी का कहना है कि वीडियो में छेड़छाड़ कर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है। जिला कारागार में जेल अधीक्षक के पद पर तैनात कोमल मंगलानी का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में वह आंबेडकर जयंती के अवसर पर मंच पर हाथ में माइक लिए अचानक से उग्र होकर गाली देते हुए रुक गईं। इसके बाद आरक्षियों के खिलाफ उनके द्वारा काफी कुछ अपमानजनक शब्द भी बोले गए। इसका वीडियो वहां मौजूद किसी शख्स द्वारा बनाकर वायरल किया गया। जेल अधीक्षिका का वीडियो वायरल होने के बाद चर्चाएं शुरू हो गईं हैं।

# मुजफ्फरनगर धर्मनगरी है मेरा मायका, तीसरी बार आकर बहुत प्रफुल्लित: पुष्पदंत सागर महाराज

## -इंदौर से नगर में पहुंचे जैन मुनि का बैंडबाजों से भव्य स्वागत





मुजफ्फरनगर, 06 मई (बु.)। मुजफ्फरनगर धर्मनगरी उस वक्त स्वयं को धन्य हो गई, जब जैन मुनि गणाचार्य 1008 श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज के इस भूमि पर पैर पड़े। इस बीच उनके दर्शन को चहुंओर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ जैन मुनि को एक नजर देखने के लिए सड़कों पर दिखाई दी। करीब 14 वर्षो के बाद धर्मनगरी मुजफ्फरनगर में पधारे जैन मुनि यहां 40 दिन तक पद विहार कर पहुंचे। मुजफ्फरनगर में जैन मुनि के आगमन पर समाज के लोगों ने बैंडबाजों के साथ महाराज श्री का भव्य स्वागत किया। आचार्य श्री का मंगल विहार प्रातः 6:30 बजे अतिशय क्षेत्र वहलना से शुरू होने के साथ मरेठ रोड स्थित प्रवीण जैन हुंडई वाले के शोरूम पर पहुंचा, जहां जैन मुनि का भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद अंबा विहार पर शैंकी जैन के यहां पर भव्य स्वागत एवं पाद प्रक्षालन पूरे अंबा बिहार के जैन परिवार द्वारा किया गया। रेनबो विहार में भी सभी परिवारों ने पाद प्रक्षालन किया। इसके बाद जैन मुनि की शिवचौक पर प्रातः 9:30 बजे भव्य अगवानी जैन समाज द्वारा की गई। शिव चौक से विशाल जनसमूह के साथ जैन मुनिक घास मंडी पारसनाथ स्ट्रीट प्रेमपुरी होते हुए जैन अतिथि भवन पर पहुंचे, जहां कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान श्री महावीर के चित्र अनावरण संजय जैन- राजीव जैन (नावला वाले) द्वारा किया गया एवं आचार्य विमल सागर जी कस चित्र अनावरण प्रवीण जैन, राजेश जैन हुंडई वालों द्वारा किया गया। तत्पश्चात उनके समक्ष दीप प्रज्ज्वलन हंस कुमार जैन, मनीष कुमार, अविनाश जैन, सुनील जैन, अमित जैन सिद्धार्थ फर्नीचर, अंकुर जैन, अनुज जैन ककरौली वाले द्वारा किया गया। इसके बाद गणाचार्य श्री जी का पाद प्रक्षालन करने का सौभाग्य डॉ. सुनील जैन, राजन जैन, प्रीतुल जैन सपरिवार प्रीतुल मशीनरी को प्राप्त हुआ। शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य श्रेयांस जैन डेरी वाले सपरिवार को प्राप्त हुआ। गुरू पूजन का अर्घ पुष्पदन्त सागर युवा मंडल द्वारा समर्पित किया गया। इसके उपरांत गणाचार्य के प्रवचन हुए महाराज श्री ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदेश की पावन भूमि पर सभी तीर्थंकरों ने जन्म लिया, मुजफ्फरनगर भी उत्तर प्रदेश में ही आता है। इस धर्मनगरी में पहले सन 1997 में चतुर्मास हुआ, तब से मैं इस मुजफ्फरनगर को अपना मायका कहता हूं। इसके बाद वर्ष 1997 में दूसरी बार यहां पर आना हुआ। उन्होंने कहा कि सभी भक्तों ने पूर्ण स्नेह से भव्य आगवानी की मैं स्वागत से बहुत ही प्रफुल्लित हूं। यहां समाज की एकजुटता की मिसाल पूरे भारत में दिखाई देगी। सभी समाज के बड़े-बच्चे, महिलाएं एवं बच्चियों ने प्रवेश में आकर अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के अंत में महाआरती करने का सौभाग्य मुख्य रूप से भूषण जैन, कुमरेश जैन, दीपक जैन, नितिन पंसारी, भूषण जैन, सुशील जैन, शैंकी जैन अंबा विहार, विरेन्द्र जैन एड. परिवारों को सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को विशेष सहयोग देने में राजन जैन, अमूल जैन, मुकेश जैन, प्रवीण जैन चीनू, सुनील जैन, रोहित अप्पू, विनोद जैन, मनीष जैन, प्रदीप जैन, अमित जैन, संजय जैन, रजत जैन, सिद्धांत जैन, श्री पुष्पदन्त सागर युवा मंडल का पूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम का सुन्दर मंच संचालन पुनीत जैन व रविंद्र जैन द्वारा किया गया।

## चुनाव खत्म अब फिर एमडीए का चलेगा अभियान

### शहर के आसपास अवैध कॉलोनियों की सूचना पर 20 को नोटिस जारी

**मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)।** चुनाव खत्म होने के बाद अब एक बार फिर मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण ने शहर के आसपास विकसित हो रही अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ऐसी कॉलोनियों को चिह्नित कर नोटिस जारी किए हैं। विभाग के अनुसार करीब 300 बीघा जमीन पर यह कॉलोनियां बिना नक्श पास कराए काटी जा रही है।

एक बार फिर शासन के निर्देश पर प्राधिकरण की टीम ने शहर के आसपास के क्षेत्र में कॉलोनियों कोचिह्नित करने की प्रक्रिया शुरू की है। सचिव का कहना है कि अभियान जारी रहेगा। अन्य कॉलोनियां भी जांच के दायरे में है। करीब 300 बीघा से अधिक की जमीन पर अवैध निर्माण किया जा रहा है। इन सभी को नोटिस जारी कर दिया गया है। नोटिस में 15 दिन का समय दिया गया है। विकास प्राधिकारण के सचिव आदित्य प्रजापति ने बताया कि अवैध तरीके से विकसित की गई कॉलोनियों को चिह्नित किया गया है। कॉलोनी विकसित कर अवैध तरीके से प्लॉट काटे गए और लोगों को बेच दिए गए हैं। कई जगह निर्माण भी कर लिया गया है। पचेंडा रोड पर 30 बीघा जमीन, सहारनपुर रोड पर सात बीघा, बझेड़ी बाईपास पर दस बीघा, कूकड़ा में एक हजार गज, कूकड़ा बाहर हदूद में आठ बीघा, बिलासपुर, कूकड़ा में 18 बीघा, रामपुर तिराहे पर 50 बीघा, भोपा रोड पर बीस बीघा, पचेंडा मुस्तफाबाद में 15 बीघा, संधावली में 20 बीघा, रुड़की रोड पर 14 बीघा, रेलवे अंडरपास के पास चार हजार वर्ग मीटर, घासीपुरा में नौ बीघा, रेनबो विहार, मिमलाना रोड पर 50 बीघा, शाहबुद्दीनपुर में 55 बीघा में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। शहर में विकास की रफ्तार बढ़ने के साथ बाहरी क्षेत्र में अवैध कॉलोनियां भी बढ़ रही है। दिल्ली-दून और पानीपत खटीमा हाईवे को जोड़ने वाले रामपुर तिराहा, पीनना और वहलना बाईपास के आसपास भी कॉलोनियां बढ़ने लगी है। इसके अलावा भोपा रोड पर सबसे ज्यादा कॉलोनियां काटी जा रही है। आवासीय क्षेत्र भोपा रोड पर तेजी से विकसित हो रहा है।

## दंगाइयों ने थानों से हथियार लूटे

**नई दिल्ली।** मणिपुर की हिंसा के बीच सेना, असम राइफल और सीआरपीएफ ने मोर्चा संभाल लिया है, मगर उनके समक्ष नई चुनौतियां आ रही हैं। उपद्रवियों द्वारा जगह-जगह पर खड़ी की गई बाधाएं, सुरक्षा बलों का रास्ता रोक रही हैं। उपद्रवियों ने करीब डेढ़ दर्जन पुलिस थानों से हथियार लूट लिए हैं। ऐसे हथियारों की संख्या 350 से अधिक बताई गई है। उपद्रवियों की हिंसा का सबसे ज्यादा असर सीआरपीएफ पर हुआ है। सीआरपीएफ कोबरा के एक जवान की मौत हुई है। इसके अलावा बल के जवानों और अधिकारियों के आवास में आग लगाई गई है। 'सेकंड इन कमांड' फिलिप का पूरा घर जला दिया गया है। वाहनों को आग लगा दी गई है। इंफाल से करीब साठ किलोमीटर दूर स्थित गांव तिकाई खुनो में पचास से ज्यादा घर जला दिए गए।इनमें भी कई जवानों के मकान थे। सीआरपीएफ मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारी का कहना है कि अभी नुकसान का आंकलन किया जा रहा है। कुछ समय बाद ही नुकसान की सही स्थिति का पता चल सकेगा। सूत्रों के मुताबिक, मणिपुर में सबसे बड़ी दिक्कत ये है कि वहां पुलिस थानों से लूटे गए हथियार अब उपद्रवियों के हाथों में पहुंच गए हैं। सुरक्षा बलों के खिलाफ इन हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है। चुराचांदपुर में रिजर्व बटालियन के दो जवान घायल हुए हैं। यहां जो अलग-अलग एनकाउंटर हुए हैं, उनमें उपद्रवियों के हाथों में लूटे गए हथियार बताए गए हैं। सैतोन और तोरबुंग इलाके में भी इन्हीं हथियारों का इस्तेमाल किया गया है।

## खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ परमजीत पंजवड़ की पाकिस्तान में हत्या, गोलियों से भूना गया

**जालंधर, 6 मई (एजेंसी)।** आतंकी संगठन खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ परमजीत सिंह पंजवड़ की लाहौर में हत्या कर दी गई है। उसे जौहर कस्बे की सनफ्लावर सोसाइटी में घुसकर गोलियां मारी गईं। भारत में आतंकवाद का पर्याय बना पंजवड़ इन दिनों टाउनशिप क्षेत्र, अकबर चौक, नेसपैक कॉलोनी, लाहौर में रह रहा था। पंजवड़ की मौके पर ही मौत हो गई। पंजवड़ 1990 से ही पाकिस्तान में शरण लेकर बैठा था और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का दाहिना हाथ माना जाता था। पंजवड़ ने पाकिस्तान में अपना नाम मलिक सरदार सिंह रखा हुआ था। शनिवार सुबह 6 बजे बाइक पर आए दो लोगों ने उस पर हमला किया और फरार हो गए। परमजीत सिंह पंजवड़ पुत्र कश्मीरा सिंह, गांव पंजवड़, जिला अमृतसर का रहने वाला था और पंजाब से फरार होकर 1990 में पाकिस्तान चला गया था, जहां पर उसने खालिस्तान कमांडो फोर्स के चीफ की कुर्सी संभाल रखी थी। मनबीर सिंह चहेडू के नेतृत्व में अगस्त 1986 में पंथक कमेटी और दमदमी टकसाल के सहयोग से खालिस्तान कमांडो फोर्स (केसीएफ) का गठन किया गया था और वर्तमान में खालिस्तान कमांडो फोर्स की पहचान केसीएफ-पंजवड़ के रूप में की जाती है। अगस्त 1986 में मनबीर सिंह चहेडू को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद सुखदेव सिंह उर्फ सुखा सिपाही ने प्रमुख का पदभार संभाला। बाद में इस आतंकी संगठन की कमान पाकिस्तान में शरण लिए परमजीत सिंह पंजवड़ को सौंपी गई। पंजवड़ ने ही इस्लामी समूहों जैसे लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद के साथ संबंध बनाकर अपने संगठन को काफी मजबूत किया। पंजाब में 57 वर्षीय परमजीत पंजवड़ पर देशद्रोह, हत्या, साजिश, हथियारों की तस्करी व आतंकवाद को पुनर्जीवित करने के मामले दर्ज हैं। पंजवड़ पूर्व सेना प्रमुख जनरल एएस वैद्य की हत्या और लुधियाना में देश की सबसे बड़ी बैंक डकैती के मामले में भी वांछित रह चुका है। खालिस्तान कमांडो फोर्स में शामिल होने से पहले 1986 उसने केंद्रीय सहकारी बैंक में काम किया। 1986 में वह केसीएफ में शामिल हो गया। उसके चचेरे भाई लाभ सिंह का उस पर बड़ा प्रभाव था। 1990 के दशक में लाभ सिंह के खात्मे के बाद केसीएफ का कार्यभार संभालने के तुरंत बाद पंजवड़ पाकिस्तान भाग गया। पंजवड़ ने सीमा पार से हेरोइन की तस्करी के माध्यम से धन जुटाकर केसीएफ को जीवित रखा हुआ था। भोला और परगट सिंह नारली जैसे पंजाब के बड़े तस्करों की मदद से फंड लेकर आतंकवाद को जिंदा करने व हथियारों पर खर्च किया है। भारत की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, उसकी पत्नी और बच्चों ने खुद को जर्मनी में स्थानांतरित कर लिया था। परमजीत पंजवड़ के खिलाफ 1989 से 1990 तक दस प्राथमिकी दर्ज की गई थी, जिनमें हत्या के सात मामले और टाडा के तहत दो मामले शामिल हैं।

## राजौरी में एक आतंकी ढेर...एक घायल : दो दिन से मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर , 6 मई (एजेंसी)।** कश्मीर के राजौरी में कांडी इलाके में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया और एक घायल हो गया। यहां शुक्रवार सुबह साढ़े सात बजे से मुठभेड़ जारी है। कल सर्च ऑपरेशन के दौरान यहीं आतंकियों ने घात लगाकर विस्फोट किया था, जिसमें सेना के 5 जवान शहीद हो गए थे। स्थिति का जायजा लेने के लिए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे राजौरी पहुंचे। जम्मू-कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा ने सुबह राजौरी में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। उधर, बारामूला के करहमा कुंजर में भी आज सुबह 4 बजे से एनकाउंटर चल रहा है। यहां अब तक एक आतंकी मारा गया है। कुछ और आतंकियों के छिपे हुए होने की जानकारी है।

## आर्मी ने सभी 191 ध्रुव हेलिकॉप्टर की उड़ानें रोकीं

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसी)।** आर्मी ने एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर ध्रुव के ऑपरेशंस को एक महीने के लिए रोक दिया है। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में 4 मई को ध्रुव हेलिकॉप्टर क्रैश हो गया था, जिसमें एक जवान की जान चली गई थी। इसे देखते हुए आर्मी ने अपने सभी 191 ध्रुव हेलिकॉप्टर्स के ऑपरेशंस बंद करने का फैसला लिया है। इससे पहले 10 मार्च को नेवी और कोस्टगार्ड ने ध्रुव हेलिकॉप्टर की अपनी फ्लीट के ऑपरेशंस पर रोक लगाई गई थी। दरअसल, 8 मार्च को गश्त पर निकले नेवी के ध्रुव हेलिकॉप्टर की मुंबई के पास अरब सागर में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी थी, इसके बाद सेना ने मामले की जांच पूरी होने तक इसकी उड़ान पर रोक लगा दी थी।

## नहर में बहे नोटों की गड्डियां लूटने को उमड़ी भीड़





**सासाराम (बिहार), 6 मई (एजेंसी)।** सासाराम के मुरादाबाद नहर में अचानक नोटों के बंडल तैरने लगे। नहर में नोट होने की बात से सनसनी मच गई। लोग इसे लूटने के लिए नहर में कूद पड़े। कोई एक हाथ तो कोई दोनों हाथ से नोटों की गड्डियां उठाते नजर आया। जिसको जितना मिला समेट लिया।

नहर से नोटों के बंडल लूटने का वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग नहर में जाकर 10-10 रुपए के नोटों की गड्डी बटोर रहे हैं। कोई नहर से निकाल कर ला रहा है, तो किसी का रिश्तेदार किनारे पर गमछा लिए खड़ा है। जिसमें वो नोटों को रख रहे हैं। नोट लूटने का वीडियो तेजी से शेयर हो रहा है। ये रुपए असली हैं या नकली, फिलहाल पुलिस इसकी पुष्टि नहीं कर पा रही है। हालांकि, स्थानीय लोगों में चर्चा है कि नोट असली है, लेकिन वो इस पर खुलकर बात नहीं कर रहे हैं। मुफ्फसिल थानाध्यक्ष रिजवान अहमद ने बताया कि नोट मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी, वहां कुछ नहीं मिला। लोग नहर में नोट मिलने की बात कह रहे हैं। आगे की जांच की जा रही है। ग्रामीण ने बताया कि कपड़े में बंधा नोटों का बंडल 10 रुपए का था। रुपए देखकर लगता है कि वो काफी समय से नहर में होंगे। कुछ लोग नहर में नहा रहे थे, तभी उन्होंने नोट बहते देखा। नोटों की संख्या देख कुछ लोग आगे बढ़े तो देखा कि कुराइच पुल के नीचे पानी में कई सारे बंडल फेंके हुए थे। पुल के नीचे नोटों के बंडल फेंके जाने की बात आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में लोग पुल पर जमा हो गए। देखते ही देखते दर्जनों लोग नहर में कूद गए। दोनों हाथों से नोट बटोरने लगे। नहर में गंदगी भी काफी है, लेकिन लोगों को क्या, वो लालच में पैसे बटोरने लगे। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है। यह नोट कहां से आए और किसने फेंके। यह साफ नहीं हो सका है। ये भी स्पष्ट नहीं है कि नोट असली है या नकली। पुलिस ने किसी भी तरह की पुष्टि नहीं की है।

## शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे मोदी

**खंडवा । मध्यप्रदेश में दोनों ज्योतिर्लिंग मंदिर के आसपास धर्म-संस्कृति को विकसित किया जा रहा है। उज्जैन में महाकाल लोक के साथ खंडवा के ओंकारेश्वर स्थित ओंकार पर्वत पर अध्यात्म लोक 'एकात्मधाम' विस्तार ले रहा है। यहां ओंकार पर्वत को काटकर 28 एकड़ जमीन पर इसकी स्थापना की जा रही है। यहां आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची भव्य प्रतिमा होगी। इसके लिए 54 फीट का आधार स्तंभ तैयार होने को है। 52 फीट ऊंचे आधार पर आदि गुरु शंकराचार्य की बाल्य अवस्था की 108 फीट की मूर्ति की स्थापना के लिए काम किया जा रहा है। चार स्लैब में बनने वाले आधार स्तंभ का 50% काम हो चुका है।**

### 7 मई से एक्टिव हो सकता है साइक्लोन मोचा:मछुआरों को सलाह-अगले 4 दिन तक समंदर में न जाएं

**नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसी)।** बारिश का मौसम अभी कुछ दिन और बना रह सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने शुक्रवार को चेतावनी जारी की कि 7 से 9 मई के बीच बंगाल की खाड़ी से चक्रवाती तूफान मोचा एक्टिव हो जाएगा। इसकी वजह से न सिर्फ देश के पूर्वी हिस्से में बारिश होगी, बल्कि मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, बिहार, झारखंड और पूर्वी उत्तरप्रदेश में अगले 4 दिन तक मौसम खराब रह सकता है। ऐसे में मौसम विभाग ने मछुआरों को अगले 4 दिनों तक समंदर से दूर रहने की सलाह दी है। यही नहीं, देश के दक्षिणी राज्यों और उत्तर के पहाड़ी राज्यों में भी बारिश होगी। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर बेमौसमी बर्फबारी की आशंका है। मौसम में बदलाव से पंजाब, हरियाणा और राजस्थान भी नहीं बचेंगे। मौसम विभाग के अनुसार, इन तीन राज्यों में ओलावृष्टि की आशंका है। केरल, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

## महिला पहलवानों ने बताया, सांस लेने के तरीके के बहाने पेट-छाती को छूते, जोर से लगाते थे गले

नई दिल्ली, 6 मई (एजेंसी)। जंतर मंतर पर महिला पहलवानों का धरना जारी है और कोर्ट के आदेश के बाद भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। बृजभूषण के खिलाफ राजधानी दिल्ली के कनॉट प्लेस थाने में सेक्सुअल हैरेसमेंट और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है। इस मामले में दो एफआईआर दर्ज की गईं हैं। महिला पहलवानों ने इन एफआईआर में बृजभूषण शरण सिंह पर जो आरोप लगाए हैं उसकी जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स के माध्यम से सामने आ रही है।

मीडिया रिपोर्टस के मुताबिक, महिला पहलवानों ने एफआईआर में इस बात की जानकारी दी है कि किस तरह बृजभूषण शरण सिंह उनका शोषण किया करते थे। सात महिला पहलवानों में से दो ने बताया कि उन्हें गलत तरीके से छुआ जाता था। वहीं बृजभूषण प्रारंभ से ही अपने ऊपर लगे आरोपों से साफ इनकार करते रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें कोर्ट और पुलिस पर पूरा भरोसा है। उनका आरोप है कि इस सबके पीछे एक बिजनेसमैन का हाथ है। महिला पहलवानों ने एफआईआर में बताया कि जब भी सांस लेने के तरीके के बारे में बृजभूषण उन्हें बताते थे तो गलत तरीके से जांघ, पेट और छाती को छूते थे। वह हमेशा ऐसा करने के लिए सांस लेने के तरीके के बारे में जानकारी देने का बहाना बनाते थे। रिपोर्ट में एक महिला पहलवान ने यह भी जानकारी दी कि 2016 में टूर्नामेंट के दौरान बृजभूषण शरण सिंह ने एक रेस्तरां में उसकी छाती और पेट को गलत तरीके से छुआ था। इससे वह काफी डर गई और रातभर सो नहीं सकी। एक और महिला पहवान ने बताया कि इसी तरीके की हरकत उसके साथ एक प्रतियोगिता के दौरान हुई। वहीं एक अन्य महिला पहलवान ने आरोप लगाया कि 2018 में एक बार उन्होंने उसे इतनी जोर से गले लगाया कि वह उसकी छाती के बहुत करीब थे। पुलिस ने महिला पहलवानों द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बाद इस मामले में जांच शुरू कर दी है। वहीं पहलवान यह पहले ही साफ कर चुके हैं कि उनका धरना जारी रहेगा। उनकी मांग अभी भी वही है कि जब तक भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो जाती है तब तक वे जंतर-मंतर पर धरना देते रहेंगे। अगर उन्हें कहीं से न्याय नहीं मिला तो वे अपने ओलंपिक, एशियाई खेलों के पदक और पुरस्कार सरकार को वापस लौटा देंगे। इन पुरस्कारों में बजरंग और साक्षी मलिक को मिला देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री भी शामिल है। बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश तीनों को देश का सर्वोच्च खेल सम्मान मेजर ध्यानचंद खेल रत्न मिल चुका है।

## लापता परिवार की बरामदगी को लेकर किया प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)।** लोगों ने एसएसपी कार्यालय पर कई दिन से लापता परिवार की बरामदगी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने चेतावनी दी कि यदि परिवार के सभी सदस्य सकुशल बरामद नहीं हुए तो आंदोलन किया जाएगा। देवबंद क्षेत्र के गांव ध्याना निवासी गुरमीत कुमार के नेतृत्व में पहुंचे गांव तुगलपुर कम्हेड़ा के सैंकड़ों लोगों ने घर से पुरकाजी के लिए निकले अश्वनी पाल और पत्नी हिना और दो बच्चों के गायब होने पर उनकी बरामदगी की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने एसएसपी कार्यालय पर ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव तुगलपुर कम्हेड़ा निवासी अश्वनी पाल पत्नी हिना और दो बच्चों के साथ एक सप्ताह पूर्व घर से पुरकाजी जाने के लिये निकले थे, लेकिन आज तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। इसकी तहरीर परिजनों ने पुरकाजी थाने में दी थी। लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वहीं उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दो दिन के अंदर पुलिस ने एक ही परिवार के गायब हुए चार लोगों की सकुशल बरामदगी नहीं की तो बड़ा आंदोलन होगा। एसपी सिटी ने जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया और प्रदर्शन कर रहे लोगों को शांत किया। बताया कि 1 मई को भी सैंकड़ों लोग लापता परिवार की बरामदगी की मांग को लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंचे थे। एसपी देहात को ज्ञापन देकर परिवार की सकुशल बरामदगी की मांग की गई थी। उसके बावजूद 6 दिन पश्चात भी परिवार का कोई सुराग नहीं लगा है। इस दौरान डॉ. मनोज पाल, राम महेर पाल, सुखपाल कश्यप, विनोद पाल, राकेश पाल, मोहन पाल, अनिता,सुनीता,सतीस पाल, राजकुमार पाल, सचिन, आशु,रवि पाल, विपुल कश्यप, सनोज पाल, राहुल पाल, नरेश पाल आदि शामिल रहे।

### यूपी में कोरोना से 34 दिन में 43 मौतें

**लखनऊ।** यूपी में महज 34 दिनों में 16 हजार से ज्यादा पॉजिटिव केस मिले हैं। इनमें से 34 लोगों की मौत भी हुई है। मौत का यह आंकड़ा बीते एक साल में सबसे ज्यादा है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो कोरोना के 168 नए मरीज मिले हैं। इस दौरान 392 मरीज ठीक भी हुए हैं। प्रदेश में मौजूदा वक्त में 1665 कोरोना संक्रमित हैं। संक्रमण में लखनऊ और नोएडा टॉप पर हैं। दोनों जगहों पर 500 से ज्यादा एक्टिव केस हैं। KGMU की माइक्रोबायोलॉजी लैब में पॉजिटिव सैंपल की जीनोम सीक्वेंसिंग की गई हैं। इस डिपार्टमेंट की ल्डऊप्रो.अमिता जैन ने बताया कि जांच में इइ1.16 वेरिएंट की पुष्टि हुई हैं। यह ओमिक्रोन फैमिली का ही वेरिएंट हैं, लेकिन सतर्कता इसलिए जरूरी हैं क्योंकि फ्ठअ वायरस तेजी से इवॉल्व होता हैं यानी रूप बदलता है। किसी भी प्रकार की लापरवाही भारी पड़ सकती हैं। पूरी सतर्कता बरतनी होगी।

## बूंदाबांदी की आशंका पर गर्मी से अब राहत नहीं



मुजफ्फरनगर, 6 मई (बु.)। बीते कई दिनों से मौसम सुहावना बना हुआ था, लेकिन अब गर्मी धीरे-धीरे बढ़ रही है। इसके चलते अब सूरज अपने तेवर कड़े कर रहा है। ऐसे में आज तापमान 32.9 /20.6 पर रहा। अगले सप्ताह तक तापमान 40 डिग्री के आसपास तक पहुंच सकता है। ऐसे में सात मई को चक्रवात की आशंका के चलते मौसम में थोड़ा बदलाव आ सकता है। बारिश का दौर समाप्त होने के बाद लगातार तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू हो गई है। शनिवार को तापमान बढ़कर 32.9 डिग्री तक पहुंच गया। हालांकि यह मई के महीने के अनुसार अब भी सामान्य से कम है। वहीं न्यूनतम तापमान भी सामान्य से चार डिग्री कम 20.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। शनिवार सुबह से ही तेज धूप निकली, लेकिन 12 बजे के बाद मौसम ने करवट ली। आसमान में काले बादलों ने डेरा डाला, लेकिन बारिश नहीं हुई। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार एनसीआर कुछ इलाकों में ही हल्की बूंदाबांदी हुई और कुछ देर बाद मौसम साफ हो गया। इससे तापमान में भी ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार, सात मई को भी हल्की बूंदाबांदी हो सकती है। लेकिन तापमान अब और बढ़ेगा।

### किंग चार्ल्स की हुई ताजपोशी, क्वीन कैमिला ने नहीं पहना कोहिनूर जड़ा मुकुट

**लंदन।** किंग चार्ल्स तृतीय को शनिवार को वेस्टमिंस्टर एब्बे में भव्य राज्याभिषेक समारोह में ब्रिटेन के राजा का ताज पहनाया गया। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, कैंटरबरी के आर्कबिशप ने राजा को ताज पहनाया। किंग ने ब्रिटेन के लोगों पर 'न्याय और दया' के साथ शासन करने और एक ऐसे वातावरण को बढ़ावा देने की शपथ ली, जहां सभी धर्मों और विश्वासों के लोग स्वतंत्र रूप से रह सकें। प्रिंस विलियम, कैथरीन व ड्यूक ऑफ ससेक्स प्रिंस हैरी वेस्टमिंस्टर एब्बे में किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक समारोह में भाग ले रहे हैं। किंग चार्ल्स तृतीय के राज्याभिषेक के मौके पर भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त एलेक्स एलिस ने कहा, सबसे पहले बाइबल को पढ़ेंगे। इसे ब्रिटेन में जन्मे एक हिंदू व्यक्ति पढ़ेंगे, जिसके माता-पिता अफ्रीका से आए थे ।

## आधा दर्जन युवकों के हमले में दुकानदार गंभीर घायल

खतौली, 6 मई (बु.)। जानसठ रोड स्थित अशोका मार्किट के दुकानदार थोक इलैक्ट्रिक उपकरण व्यापारी गौरव सोम व एक अन्य टेलर अमित के बीच विगत कुछ दिनों पूर्व कपड़ों की सिलाई के रूपयों को लेकर कहासुनी हो गयी थी। बताया जाता है कि विवाद के बाद आस पड़ौस के दुकानदारों द्वारा विवाद का निपटारा करा दिया गया था। बताया जाता है कि शनिवार को व्यापारी गौरव सोम जब अपने भाई शिवम अपनी दुकान पर बैठे थे, तो आरोप है कि टेलर मास्टर अमित के साथ आये आधा दर्जन युवकों द्वारा अचानक अपनी दुकान पर बैठे दोनों भाईयों गौरव व शिवम पर हमला बोल दिया। अचानक जमकर हुई मारपीट की घटना से अशोका मार्किट के दुकानदारों में हड़कम्प मच गया। इस दौरान सूचना पर पुलिस को आता देख उत्पात मचाने वाले लोग मौके से फरार हो गये। मारपीट में दुकानदार गौरव व शिवम लहूलुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें तत्काल पुलिस द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोषित दुकानदारों द्वारा तत्काल अपनी दुकानें बंद करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए जमकर हंगामा किया, जिस पर पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का आश्वासन देकर व्यापारियों को शान्त किया। पीड़ित घायल दुकानदारों का आरोप है कि हमलावर हमले के दौरान उनके गले की सोने की जंजीर सहित दुकान के गल्ले से भारी नगदी भी लूट ले गये हैं। घटना को लेकर जहां पूरे दिन अशोका मार्किट नम्बर-4 के अधिकांश प्रतिष्ठान बंद रहे, वहीं पुलिस घटना के सम्बन्ध में आगामी कार्यवाही में जुट गई। बताया जाता है कि सिर में गंभीर चोटें आने के कारण दुकानदार गौरव सोम को अन्य चिकित्सालय रैफर कर दिया गया है।

## 77 हजार की घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया अफसर

**मेरठ, 6 मई (एजेंसी)।** शासन के आदेश पर मेरठ में शनिवार को 15 सदस्यीय विजिलेंस टीम ने शताब्दीनगर स्थित वन निगम ऑफिस में छापा मारा। इस दौरान टीम ने विभाग के डीएलएम नरेंद्र कुमार पाल को ठेकेदार से 77 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। विजिलेंस टीम ने परतापुर थाने में डीएलएम व शिकायतकर्ता ठेकेदार के मोबाइलों को अपने पास लेकर घंटों पूछताछ की।

शताब्दीनगर स्थित वन निगम कार्यालय में नरेंद्र कुमार पाल प्रभागीय लॉगिंग प्रबंधक पद पर दो साल से तैनात है। बताया गया कि उनके अंडर में नौ जिलों का प्रभार था। नरेंद्र कुमार पाल द्वारा वन निगम के ठेकेदारों से रिश्वत मांगी जाती थी, जिसकी शिकायत शासन के बड़े अधिकारियों से की गई। वहीं, शिकायत मिलने के बाद शासन स्तर से मेरठ प्रशासन व विजिलेंस को कार्रवाई के आदेश दिए गए। इसके बाद टीम ने शनिवार को शिकायतकर्ता वन निगम के ठेकेदार जब्बार पुत्र अनजार निवासी किठौर को 77 हजार की रिश्वत लेकर नरेंद्र कुमार पाल के पास भेजा। ठेकेदार ने जैसे ही डीएलएम को रिश्वत दी तो उन्होंने यह रकम अपनी दराज में रख ली। इसी दौरान विजिलेंस टीम मौके पर पहुंच गई और नरेंद्र कुमार पाल को रंगे हाथ पकड़ लिया। इसके बाद विजिलेंस टीम डीएलएम को पकड़ कर थाने ले आई। वहीं डीएलएम व शिकायतकर्ता ठेकेदार के मोबाइल लेकर उनकी कॉल डिटेल निकलवाई। शिकायतकर्ता वन निगम के ठेकेदार जब्बार ने बताया कि जिस समय वह नरेंद्र कुमार को रिश्वत दे रहा था, तभी उसने कॉल रिकॉर्डिंग सुनाकर वन निगम के एकाउंटेट अनिल कुमार के हिस्से के 20 हजार रुपये देने की भी बात कही। लेकिन तभी टीम ने उन्हें पकड़ लिया। बताया गया कि टीम में प्रशासनिक अधिकारी व विजिलेंस टीम के अधिकारी रहे। शनिवार को जैसे ही विजिलेंस टीम ने डीएलएम को 77 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा तो वह फफक कर रो पड़े और जमीन पर बैठ गए। तभी विजिलेंस के सीओ दीपक त्यागी ने उनको उठाया और गाड़ी में बैठाकर परतापुर थाने ले आए। इस मौके पर एसपी विजिलेंस इंदु भी मौजूद रहीं। वन निगम के डीएलएम पद पर नरेंद्र कुमार पाल दो साल से तैनात थे और इन पर नौ जिलों का प्रभार था। दो ही साल इनकी सेवानिवत्ति के रह गए थे। शिकायतकर्ता ठेकेदार जब्बार ने बताया कि नरेंद्र कुमार कमीशन 15 प्रसेंट लेते थे और एकाउंटेंट पांच प्रतिशत लेता था। वन निगम में कई ठेकेदार हैं जो सभी से लाखों का कमीशन ले रहे हैं।

## मेरठ में सपा विधायक अतुल प्रधान पर मुकदमा

**मेरठ।** मेरठ निकाय चुनाव में सपा के सरधना सीट विधायक अतुल प्रधान सहित उनके समर्थकों पर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है। अतुल प्रधान कंकरखेड़ा क्षेत्र में शुक्रवार को जुलूस निकाल रहे थे। जुलूस में आतिशबाजी भी की गई। इसके चलते अतुल प्रधान और समर्थकों पर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया है। उधर, लावड़ और भावनपुर में भी प्रत्याशियों पर आचार संहिता उल्लंघन का वाद दायर किया गया है। सपा विधायक अतुल प्रधान की पत्नी सीमा प्रधान मेरठ मेयर सीट पर चुनाव लड़ रही हैं। सीमा को गठबंधन ने प्रत्याशी बनाया है। अतुल प्रधान पत्नी सीमा प्रधान के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। शुक्रवार को अतुल प्रधान ने रोड शो किया। रोड शो में अतुल प्रधान ने ईरिक्शा पर चढ़कर जुलूस निकाला। जुलूस में आतिशबाजी भी की गई है। इस पर विधायक व समर्थकों के खिलाफ आचार संहिता के उल्लंघन का मुकदमा दर्ज किया गया। सीओ दौराला अभिषेक पटेल ने बताया कि रोड शो के दौरान युवक कारों की छतों और खिड़की से बाहर खड़े हुए थे। समर्थकों ने सड़क पर जमकर आतिशबाजी की। इस दौरान समर्थकों ने पूरी तरह सड़क पर कब्जा कर लिया।रोड शो में शामिल युवक डीजे की धुन पर नाच रहे थे। इस दौरान राहगीर जाम में फंस गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों को जाम से निकलवाया। सीओ दौराला ने बताया कि सरधना विधायक अतुल प्रधान और उनके समर्थकों के खिलाफ आचार संहिता का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## आज दिल्ली कूच करेंगे भाकियू कार्यकर्ता

**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली के जंतर मंतर पर चल रहे पहलवानों के धरने में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ रविवार सुबह मुजफ्फरनगर से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ता हाईवे स्थित मेरठ कैलाशी अस्पताल के सामने हाईवे पर मिलेंगे। जहां से नरेश टिकैत दिल्ली के लिए योजना बनाएंगे। जानकारी के अनुसार, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत रविवार सुबह 10 बजे तक कैलाशी अस्पताल के पास पहुंच जाएंगे।